| Registration No: | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|

**E 1 – 2025**

**Subject Code 03**

# HINDI

Time : 3 Hours 00 Minutes] [Total No. of Questions : 42] [Max. Marks : 80

**सूचनाएँ:**

1. सभी प्रश्नों के उत्तर हिन्दी भाषा तथा देवनागरी लिपि में लिखना आवश्यक है।
2. प्रश्नों की क्रम संख्या लिखना अनिवार्य है।
3. प्रश्न पत्र 'क', 'ख', 'ग', 'घ' इन चार खण्डों में विभाजित है।
4. खण्ड 'क' के, प्रश्न संख्या 1 से 16 तक के प्रश्नों का उत्तर, जो पहली बार लिखा गया हो, उन्हीं उत्तरों का मूल्यांकन किया जाएगा।

**खण्ड – क**

I. (अ) निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्पों को चुनकर लिखिए: **(10 × 1 = 10)**

1) 'सुजान भगत' कहानी के आधार पर, भक्त बनने से पहले इसका त्याग करना पड़ता है -

i) सत्य ii) झूठ

iii) न्याय iv) स्नान

2) 'एक कहानी यह भी' के आधार पर इस आन्दोलन के बाद पूरा देश खौल रहा था -

i) 1857 का आन्दोलन ii) 1947 का आन्दोलन

iii) 1942 का आन्दोलन iv) 1934 का आन्दोलन

3) हैदराबाद नगर को सुन्दर बनाने के लिए नगर के बीच विश्वेश्वरय्या ने एक पब्लिक गार्डन बनाया, जिसका नाम है -

i) बगीचा - ए -आम ii) भाग - ए - आम

iii) आम - ए - बाग iv) बाग - ए - आम

4) लेखिका ममता कालिया अपने साथियों के साथ तोक्यो के इस भारतीय रेस्तराँ में चली जाती है -

i) कलकत्ता ii) मुम्बई

iii) उडुपी iv) दिल्ली

5) 'सुजान भगत' कहानी के आधार पर मानव जीवन में यह बड़े महत्व की वस्तु है -

i) लगना ii) पैसे

iii) प्रभाव iv) लाग

6) बेटी रंगीन कपड़े पहनने से इसलिए इनकार करती है, क्योंकि -

i) वह मिट्टी में खेल नहीं सकती।

ii) ये कपड़े तकलीफ देते हैं।

iii) बेटी को रंगीन कपड़ों से नफ़रत है।

iv) बेटी को रंगीन कपड़े बड़ा बंधन लगते हैं।

7) इस धरती की गर्जन से जगती की गर्जन डरती है -

i) राजस्थान ii) हरियाणा

iii) बिहार iv) पंजाब

8) दादा जी ने सबको यह समझाया था कि परिवार के सदस्य -

i) ज्यादा हँसे ii) बेला का आदर करें

iii) बेला की बातें न सुनें iv) बेला का आदर न करें

9) 'यात्रा जापान की' के आधार पर निम्नलिखित वाक्यों में जो सही नहीं है -

i) शालीनता जापान का गुणधर्म है। वे अनुशासन प्रिय हैं।

ii) जापान में जब रेल आती है तो कोई यात्री धक्का मुक्की करता नहीं दिखता है।

iii) जापान में किसी के दाँत कभी खराब ही नहीं होते हैं।

iv) जापान वासियों के मन में अपने सम्राट के प्रति श्रद्धा और प्रेम है।



03 Hindi 01-2025.indd 2 06-02-2025 12:23:45

10) दादाजी को इस कल्पना से सिहरन होने लगती है-

i) पेड़ से अलग होनेवाले पक्षियों की कल्पना से

ii) पेड़ से अलग होनेवाले पत्तों की कल्पना से

iii) पेड़ से अलग होनेवाले फूलों की कल्पना से

iv) पेड़ से अलग होनेवाली डाली की कल्पना से

(आ) कोष्ठक में दिए गए कारक चिह्नों से रिक्त स्थान भरिए: **(5 × 1 = 5)**

(को, की, से, का, में, ने)

11) अबकी उसकी खेती ____________ सोना उगल दिया है।

12) आधी रात ____________ वक्त होगा।

13) इतना श्रम मैंने अपने जीवन ____________ कभी न किया था।

14) दुख की कथा सुनने ____________ फ़ुरसत किसी को भी नहीं।

15) दोनों चुपके ____________ वापस जाकर गाड़ी में बैठ जाते हैं।

(इ) निम्नलिखित मुहावरों को अर्थ के साथ जोड़कर लिखिए: **(5 × 1 = 5)**

16)

| | |
|---|---|
| a) आग उगलना | (i) बहुत परिश्रम करना |
| b) मक्खी मारना | (ii) बाधा डालना |
| c) पोल खुलना | (iii) रक्षा करना |
| d) टाँग अड़ाना | (iv) बेकार बैठना |
| e) तार देना | (v) गुस्सा करना |
| | (vi) रहस्य प्रकट होना |



03 Hindi 01-2025.indd 3 06-02-2025 12:23:45

## भाग – 'ख'

II. (अ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए: **(2 × 3 = 6)**

17) धर्म-पालन करने के मार्ग में क्या-क्या अड़चन आते हैं ?

18) मन्नू भंडारी की माँ का परिचय दीजिए।

19) विश्वेश्वरय्या की शिक्षा के बारे में लिखिए।

20) जापान के 'बुलेट-ट्रेन' पर टिप्पणी लिखिए।

(आ) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** का ससंदर्भ स्पष्टीकरण कीजिए: **(2 × 3 = 6)**

21) "आटा मैंने मर-मर कर पीसा है, अनाज दे दो।"

22) "कुर्सियाँ तो बाजार में खूब उपलब्ध हैं, सस्ती और महँगी सी महँगी। "

23) "महाराज, मेरी सावधानी में बिलकुल कसर नहीं थी।"

24) "इन्हें पिछवाड़े इनकी सहेली के घर भेज दो।"

III. (अ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **एक** का उत्तर लिखिए: **(1 × 3 = 3)**

25) रैदास ने किस प्रकार के राज्य का वर्णन किया है ?

26) श्रीकृष्ण के रूप सौंदर्य का वर्णन कीजिए।

(आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक का उत्तर लिखिए:। **(1 × 3 = 3)**

27) जीवन की सार्थकता किसमें है ?

28) कवि नरेन्द्र शर्मा ने प्रतिहिंसा और कायरता के संबंध में क्या कहा है ?

29) दक्षिण प्रदेश की महत्ता को अपने शब्दों में लिखिए।

(इ) ससंदर्भ भाव स्पष्ट कीजिए: **(2 × 3 = 6)**

30) रहिमन जिह्वा बावरी, कहि गइ सरग पताल।
आपु तो कहि भीतर रही, जूती खात कपाल॥

**अथवा**

समै-समै सुन्दर सबै, रूप कुरूप न कोइ।
मन की रुचि जेती जितै, तित तेती रुचि होइ॥

31) कि घर को बचाना है लुटेरों से
शहर को बचाना है नादिरों से
देश को बचाना है, देश के दुश्मनों से।

**अथवा**

हर सड़क पर, हर गली में, हर नगर, हर गाँव में,
हाथ लहराते हुए हर लाश चलनी चाहिए॥

## खण्ड – ग

IV. (अ) निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लिखिए: **(1 × 5 = 5)**

32) इन्दु को अपनी भाभी बेला पर क्यों क्रोध आया?

**अथवा**

दादा जी के 'बड़प्पन' के संबंध में क्या विचार थे?

(आ) निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लिखिए: **(1 × 4 = 4)**

33) ग्लानि और जीवन के संबंध में श्रीधर के क्या विचार थे?।

**अथवा**

भारवि अपने पिता से क्यों बदला लेना चाहता था?

## खण्ड – घ

V. (अ) वाक्य शुद्ध कीजिए।: **(1 × 3 = 3)**

34) i) लड़का रोटी खाया है।

ii) अहो मेरे भाग्य! आपका दर्शन पाकर मैं धन्य हुआ।

iii) तू कहाँ से आ गये हो?

(आ) निम्नलिखित वाक्यों को सूचनानुसार बदलिए: **(1 x 3 = 3)**

35) i) बच्चे किताब पढ़ते हैं। (भूतकाल में बदलिए)

ii) सरला रोटी पकाएगी। (वर्तमान काल में बदलिए)

iii) तुमने मुझे पानी दिया ? (भविष्यत् काल में बदलिए)

(इ) अन्य लिंग रूप लिखिए: **(1 x 3 = 3)**

36) i) माली ii) छात्रा iii) थैला

(ई) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए: **(1 x 3 = 3)**

37) i) नीचे लिखा हुआ

ii) बिना सोचे समझे किया गया विश्वास

iii) जो छिपाने योग्य हो

(उ) निम्नलिखित शब्दों के साथ उपसर्ग जोड़कर नए शब्दों का निर्माण कीजिए: **(1 x 2 =2)**

38) i) देश

ii) रक्षण

(ऊ) निम्नलिखित शब्दों में से प्रत्यय अलग करके लिखिए: **(1 x 2 = 2)**

39) i) आठवाँ

ii) दयावान

VI. (अ) निम्नलिखित अनुच्छेद पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए: **(1 x 4 = 4)**

40) उत्तर भारत के अनेक आर्य समाजी नेताओं में महात्मा हंसराज ने भी हिन्दी के प्रचार-प्रसार में महत्वपूर्ण सेवायें समर्पित की थीं। वे बड़े शिक्षा-शास्त्री और समाज सुधारक विद्वान थे। उन्होंने सदा हिन्दी को अपने कार्यक्षेत्र में महत्वपूर्ण स्थान दिया था। जिन महान उद्देश्यों को सामने रखकर उन्होंने सन् 1885 में डी.ए.बी. कालेज की स्थापना की थी, उनमें हिन्दी भाषा को भी प्रोत्साहन देना अनिवार्य बनाया था। अतः उन्होंने स्वयं हिन्दी सीखी और अपने कॉलेज के प्रत्येक विद्यार्थी के लिए हिन्दी पढ़ना अनिवार्य कर दिया। इसी प्रकार हिन्दी को राष्ट्रभाषा मानकर उसके सर्व व्यापक प्रचार के लिए प्रयत्न करनेवाले महान तपस्वी थे स्वामी श्रद्धानंद जी भी। भारत के राजनैतिक आन्दोलन में सन् 1886 से ही वे सक्रिय भाग लेने लगे थे। महात्मा गाँधीजी के साथ भी उनकी अभिन्न मित्रता थी। उन्होंने सन् 1919 में अमृतसर कांग्रेस



03 Hindi 01-2025.indd 6 06-02-2025 12:23:45

अधिवेशन में स्वागताध्यक्ष की हैसियत से जो भाषण हिन्दी में दिया था, वह महात्मा गाँधी जी के लिए भी अत्यंत स्फूर्तिदायक बना, क्योंकि कांग्रेस के मंच से हिन्दी का वही सर्वप्रथम ऐतिहासिक भाषण रहा था।

प्रश्नः

i) डी.ए.बी. कॉलेज की स्थापना किसने की ?

ii) महात्मा गाँधीजी के साथ किसकी अभिन्न मित्रता थी ?

iii) अमृतसर कांग्रेस अधिवेशन में स्वागताध्यक्ष कौन थे ?

iv) डी.ए.बी. कॉलेज की स्थापना के कई उद्देश्यों में एक उद्देश्य लिखिए।

(आ) **41)** निबन्ध लिखिएः **(1 x 4 = 4)**

भ्रष्टाचार की समस्या एवं समाधान

अथवा

आपका नाम प्रयाग है। आप अपने मित्र धनुष से मिले बिना कई साल बीत गए हैं। अपने मित्र की मुलाकात के उद्देश्य से आप एक यात्रा की तैयारी कर रहे हैं। उस यात्रा में भाग लेने के लिए आमंत्रित करते हुए अपने मित्र को एक पत्र लिखिए।

(इ) हिन्दी में अनुवाद कीजिएः **(1 x 3 = 3)**

**42)** i) ನೀವು ಎಂದಾದರೂ ಬೆಂಗಳೂರಿಗೆ ಹೋಗಿದ್ದೀರಾ?

**Have you ever been to Bengaluru?**

ii) ನಿಮ್ಮ ಸಹಾನುಭೂತಿ ನನಗೆ ಬೇಡ.

**I don't need your sympathy.**

iii) ನಿನ್ನ ಗಮನ ಎಲ್ಲಿದೆ?

**Where is your attention?**



03 Hindi 01-2025.indd 7 06-02-2025 12:23:45

| Registration No: | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|

H2 – 2025

Subject Code **03**

# HINDI

Time : 3 Hours 00 Minutes] [Total No. of Questions : 42] [Max. Marks : 80

**सूचनाएँ:**

1. सभी प्रश्नों के उत्तर हिन्दी भाषा तथा देवनागरी लिपि में लिखना आवश्यक है।

2. प्रश्नों की क्रम संख्या लिखना अनिवार्य है।

3. प्रश्न पत्र 'क', 'ख', 'ग', 'घ' इन चार खण्डों में विभाजित है।

4. खण्ड-'क' के प्रश्न संख्या 1 से 16 तक के प्रश्नों का उत्तर, जो पहली बार लिखा गया हो, उन्हीं उत्तरों का मूल्यांकन किया जाएगा।

03

## खण्ड – 'क'

I. (अ) निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्पों को चुनकर लिखिए: **(10 × 1 = 10)**

1) सुजान ने गाँव में यह बनवाया -

i) पाठशाला ii) पक्का कुआँ

iii) मंदिर iv) सड़क

2) 'सुजान भगत' पाठ के लेखक हैं -

i) श्यामसुंदरदास ii) ममता कालिया

iii) प्रेमचंद iv) हरिशंकर परसाई

3) लेखिका की बड़ी बहन का नाम यह है -

i) सुशीला ii) बुलाकी

iii) मीना iv) बेला



03 Hindi 04-2025.indd 1 16-04-2025 11:46:56

4) विश्वेश्वरय्या इसके बड़े पाबंद थे -

i) पैसा
ii) खाना
iii) सोना
iv) समय

5) जापानी मुद्रा यह है -

i) येन
ii) डॉलर
iii) टाका
iv) रूपये

6) ‘स्लम डाग मिलियनेर’ फिल्म इनके पुस्तक के आधार पर बनी है -

i) अजय गुप्ता
ii) हरजेन्द्र चौधरी
iii) विकास स्वरूप
iv) ऋचा मिश्र

7) बेटी सजने-धजने से यह महसूस करती है -

i) बंधन
ii) प्रेम
iii) घृणा
iv) क्रोध

8) भारतीयता यहाँ बहु रूप में सँवरती है -

i) तमिलनाडू
ii) कन्नडनाडू
iii) आंध्रप्रदेश
iv) उत्तर प्रदेश

9) दादाजी का पोता परेश इस पद पर था -

i) जिलाधिकारी
ii) नायब तहसीलदार
iii) प्राध्यापक
iv) चिकित्सक



03 Hindi 04-2025.indd 2 16-04-2025 11:46:56

10) हर बात पर अपने मायके की तारीफ यह करती रहती है -

i) इन्दु

ii) मालवी

iii) मँझली बहू

iv) बेला

(आ) कोष्ठक में दिए गए कारक चिह्नों से रिक्त स्थान भरिए: **(5 × 1 = 5)**

(की, में, ने, का, पर, से)

11) चैत _____________ महीना था।

12) शताब्दी _____________ सबसे बड़ी उपलब्धि 15 अगस्त 1947 है।

13) हाथ _____________ गिलास छूट गया।

14) बिल्ली _____________ सारा दूध पी लिया।

15) नाव नदी _____________ डूब गई।

(इ) निम्नलिखित मुहावरों को अर्थ के साथ जोड़कर लिखिए: **(5 × 1 = 5)**

| | |
|---|---|
| 16) a) आँखें फाड़े देखना | (i) टाल मटोल करना |
| b) मक्खी मारना | (ii) प्यार करना |
| c) उँगली पर नचाना | (iii) चकित होकर देखना |
| d) घर का उजाला | (iv) इच्छानुसार कार्य करवाना |
| e) अगर-मगर करना | (v) इज्ज़त बढ़ानेवाला |
| | (vi) बेकार बैठना |

## खण्ड – 'ख'

II. (अ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए: **(2 × 3 = 6)**

17) झूठ की उत्पत्ति और उसके कई रूपों के बारे में लिखिए।

18) समाज में कौन-कौन सी समस्याएँ बढ़ रही हैं?

19) मैसूर राज्य के विकास में विश्वेश्वरय्या के योगदान के बारे में लिखिए।

20) चीफ की दावत के समय माँ की मनोदशा का वर्णन कीजिए।

(आ) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** के ससंदर्भ स्पष्टीकरण कीजिए: **(2 × 3 = 6)**

21) 'अभी ऐसे बूढ़े नहीं हो गए कि कोई काम ही न कर सकें।'

22) 'बंद करो अब इस मन्नू का घर से बाहर निकलना।'

23) 'पर ऐसा कभी नहीं हुआ था।'

24) 'यहाँ के डेंटिस्ट तो मक्खी मारते होंगे।'

III. (अ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी **एक** का उत्तर लिखिए: **(1 × 3 = 3)**

25) गोपिकाएँ अपने आपको क्यों भाग्यशालिनी समझती हैं?

26) कर्मयोग के स्वरूप के बारे में रहीम के क्या विचार हैं?

(आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी **एक** का उत्तर लिखिए: **(1 × 3 = 3)**

27) मानवता के प्रति कवि नरेन्द्र शर्मा के विचार प्रकट कीजिए।

28) कर्नाटक के गौरवशाली इतिहास और संस्कृति के संबंध में 'मानव' के क्या उद्गार हैं?

29) 'हो गई है पीर पर्वत-सी' ग़ज़ल से पाठकों को क्या संदेश मिलता है?

(इ) ससंदर्भ भाव स्पष्ट कीजिए: **(2 × 3 = 6)**

**30)** ऐसा चाहो राज में, जहाँ मिले सबन को अन्न।
छोटा-बड़ो सभ सम बसै, रैदास रहै प्रसन्न॥

**अथवा**

अति अगाधु अति औथरौ, नदी, कूप, सरू बाइ।
सो ताकौ सागरू, जहाँ, जाकी प्यास बुझाइ॥

**31)** ऐसा तेरा लोक, वेदना
नहीं, नहीं जिसमें अवसाद,
जलना जाना नहीं, नहीं -
जिसने जाना मिटने का स्वाद!

**अथवा**

अबकी घर लौटा तो देखा वह नहीं था-
वही बूढ़ा चौकीदार वृक्ष
जो हमेशा मिलता था घर के दरवाजे पर तैनात।

**खण्ड –'ग'**

**IV.** (अ) निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लिखिए: **(1 × 5 = 5)**

**32)** बेला ने सारा फर्नीचर और सामान कहाँ रख दिया और क्यों?

**अथवा**

दादा जी की क्या आकांक्षा थी?

(आ) निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लिखिए: **(1 × 4 = 4)**

**33)** शास्त्रार्थ में पंडितों को हराते देख पिता ने भारवि के बारे में क्या सोचा?

**अथवा**

प्रायश्चित को लेकर पिता और पुत्र के बीच हुए संवाद को लिखिए।



03 Hindi 04-2025.indd 5 16-04-2025 11:46:56

## खण्ड – 'घ'

V. (अ) वाक्य **शुद्ध** कीजिए: **(1 × 3 = 3)**

34) i) वह एक दिन मेरा पास आया था।

ii) ममता ने कहानी सुनाया।

iii) हम तीन भाई हूँ।

(आ) निम्नलिखित वाक्यों को सूचनानुसार बदलिए: **(1 x 3 = 3)**

35) i) माली पौधों को पानी दे रहा है। (भविष्यतकाल में बदलिए)

ii) कबीर देश की सेवा करता है। (भूतकाल में बदलिए)

iii) हमारा जीवन सदा अनेक कार्यों में व्यस्त रहेगा। (वर्तमान काल में बदलिए)

(इ) अन्य लिंग रूप लिखिए: **(1 x 3 = 3)**

36) i) बेटा ii) अध्यापिका iii) मुर्गी

(ई) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए: **(1 x 3 = 3)**

37) i) बच्चों के लिए उपयोगी

ii) जल में रहनेवाला

iii) जो अभी-अभी पैदा हुआ हो

(उ) निम्नलिखित शब्दों के साथ उपसर्ग जोड़कर नए शब्दों का निर्माण कीजिए: **(1 x 2 =2)**

38) i) कर्म

ii) लायक

(ऊ) निम्नलिखित शब्दों में से प्रत्यय अलग करके लिखिए: **(1 x 2 = 2)**

39) i) महत्वपूर्ण

ii) प्रभावित

VI. (अ) निम्नलिखित अनुच्छेद पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए: **(1 x 4 = 4)**

**40)** धर्म को लोगों ने धोखे की दुकान बना रखा है। वे उसकी आड़ में स्वार्थ सिद्ध करते हैं। बात यह है कि लोग धर्म को छोड़कर संप्रदाय के जाल में फँस रहे हैं। संप्रदाय बाह्य कृत्यों पर जोर देते हैं। वे चिह्नों को अपनाकर धर्म के सार-तत्व को छोड़ देते हैं। धर्म मनुष्य को - अंतर्मुखी बनाता है। उसके हृदय किवाड़ों को खोलता है, उसकी आत्मा को विशाल, मन को उदार तथा चरित्र को उन्नत बनाता है। संप्रदाय संकीर्णता सिखाते हैं, जात-पांत, रूप-रंग तथा ऊँच-नीच के भेद भावों से ऊपर नहीं उठने देते।

प्रश्न:

i) धर्म को लोगों ने किसकी दुकान बना रखी है ?

ii) लोग धर्म को छोड़कर किसके जाल में फँस रहे हैं?

iii) धर्म मनुष्य को क्या बनाता है?

iv) संप्रदाय क्या सिखाते हैं?

(आ) **41)** निबन्ध लिखिए: **(1 x 4 = 4)**

मनोरंजन के साधन

**अथवा**

आप पीयूसी द्वितीय वर्ष की छात्रा सुमेधा हैं। अपने बड़े भाई अरमान की शादी में भाग लेने के उद्ददेश्य से चार दिन की छुट्टी माँगते हुए अपने कॉलेज के प्राचार्यजी को एक आवेदन पत्र लिखिए।

(इ) हिन्दी में अनुवाद कीजिए: **(1 x 3 = 3)**

**42)** i) ನಾವು ವೈಜ್ಞಾನಿಕ ಮನೋಭಾವನೆಯನ್ನು ಅಳವಡಿಸಿಕೊಳ್ಳಬೇಕು.

**We have to adopt scientific temperament.**

ii) ಕಠಿಣ ಪರಿಶ್ರಮವಿಲ್ಲದೇ ಸಫಲತೆಯು ಸಿಗಲಾರದು.

**There is no success without hardwork.**

iii) ನಾವು ಪರಸ್ಪರ ಪ್ರೀತಿಯಿಂದ ಬಾಳಬೇಕು.

**We have to live together with love.**



03 Hindi 04-2025.indd 7 16-04-2025 11:46:56

03 Hindi 04-2025.indd 8 16-04-2025 11:46:56

# Government of Karnataka
# Karnataka School Examination and Assessment Board
# Model Question Paper-1

**Class: II Year** — **Academic Year:2024-25**
**Subject: Hindi (03)** — **Maximum Marks :80**
**Time: 3.00 Hours** — **No. of Questions:42**

---

**सूचना:**

1) **सभी प्रश्नों के उत्तर हिन्दी भाषा तथा देवनागरी लिपि में लिखना आवश्यक है |**
2) **प्रश्नों की क्रम संख्या लिखना अनिवार्य है |**
3) **प्रश्न पत्र ' क ', ख ', ग', 'घ,' इन चार खण्डों में विभाजित है |**
3) **' खण्ड- ' क ' के, प्रश्न संख्या 1 से 16 तक के प्रश्नों का उत्तर, जो पहली बार लिखा गया हो, उन्हीं उत्तरों का मूल्यांकन किया जाएगा |**

## खण्ड - ' क '

**I. अ) निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्पों को चुनकर लिखिए: 10×1=10**

1. सुजान की गोद में सिर रखे इन्हें अकथनीय सुख मिल रहा था --
   i) बुलाकी को ii) बैलों को iii) शंकर को iv) भिक्षुक को
2. इस नदी में भयंकर बाढ़ आती थी --
   i) मूसी ii) काली iii) कावेरी iv) गंगा
3. ' पानी ' के लिए जापानी भाषा में शब्द हैं --
   i) हाय ii) दायुस्कि iii) दायबुत्सु iv) मिजु
4. 'दा साहब' पात्र मन्नू भण्डारी के इस उपन्यास से है --
   i) एक इंच मुस्कान ii) आपका बंटी iii) स्वामी iv) महाभोज
5. बेटी को सुन्दर इसलिए दिखना है, क्योंकि -
   i) देखनेवालों को आनंद मिले ii) माँ को खुशी मिले
   iii) देखनेवालों को ईर्ष्या हो जाय iv) बेटी खेलने के लिए न जाय
6. माखन का भोग ये लगाते हैं --
   i) कवि ii) श्रीकृष्ण iii) गोपिकाएँ iv) पांडव
7. हर बात पर अपने मायके की तारीफ करती है --
   i) इन्दु ii) मँझली बहू iii) बेला iv) बुलाकी
8. मूलराज के मँझले बेटे का नाम है --
   i) माणिकचंद ii) परेशचंद iii) मल्लूचंद iv) कर्मचंद
9. ' सुजान भगत ' कहानी में प्रेमचंद का उद्देश्य है --
   i) भक्त बनने के महत्व को अवगत कराना
   ii) परिवार को खुश रखने पर जोर देना
   iii) दान धर्म पर महत्व देना
   iv) परिश्रम पर महत्व देना
10. फीजी का प्रथम हिन्दी उपन्यास है --
   i) डउका पुरान ii) सिंहासन बत्तीसी Iii) विक्रमजीत पुरान iv) फीजी पुरान

**आ) कोष्ठक में दिए गए कारक चिह्नों से रिक्त स्थान भरिए:** **5×1=5**

( के, का, को, की, से, में )

11. रेल.......... डिब्बा सन्नाटे से भरा हुआ है |
12. देसी अफसरों......... कुछ स्त्रियाँ हँस दी |
13. हम कलम ......... लिखते हैं |
14. आप उस कमरे ........ बैठे बाबू से मिलिए |
15. बरसात....... पानी की तरह आँसू थमते न थे |

**इ) निम्नलिखित मुहावरों को अर्थ के साथ जोड़कर लिखिए :**

**5×1=5**

16.

| | |
|---|---|
| a) आग उगलना | i ) रक्षा करना |
| b) टाँग अड़ाना | ii ) बेकार बैठना |
| c) दिल बैठ जाना | iii ) हाथ फैलाना |
| d) मक्खी मारना | iv ) बाधा डालना |
| e) तार देना | v ) गुस्सा करना |
| | vi ) व्याकुल होना |

**खण्ड - ' ख '**

**II. अ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** **2×3=6**

17. मैसूर राज्य के विकास में विश्वेश्वरय्या के योगदान के बारे में लिखिए।
18. धर्म पालन के मार्ग में क्या - क्या अड़चन आते हैं ?
19. सुजान भगत को सबसे अधिक क्रोध बुलाकी पर क्यों आता है?
20. गंगा मैया का कुर्सी से क्या अभिप्राय है ?

**आ) निम्नलिखित में से किन्हीं दो का ससंदर्भ स्पष्टीकरण कीजिए :** **2×3=6**

21.' कर्तव्य करना न्याय पर निर्भर है |'

22.' यहाँ तो डेंटिस्ट मक्खी मारते होंगे |'

23. ' पर ऐसा कभी नहीं हुआ था |'

24. ' यह लड़की मुझे कहीं मुँह दिखाने लायक नहीं रखेगी |'

**III अ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक का उत्तर लिखिए :** **1×3=3**

25. श्रीकृष्ण के रुप सौंदर्य का वर्णन कीजिए |
26. रहीम जी ने मनुष्य की प्रतिष्ठा के संबंध में क्या कहा है ?

**आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक का उत्तर लिखिए :** **1× 3=3**

27.पंजाब केसरी की महत्ता प्रकट कीजिए |

28.' कायर मत बन ' कविता में कवि क्या संदेश देना चाहते हैं ?

29.' अधिकार ' कविता में प्रयुक्त प्राकृतिक तत्वों के बारे में लिखिए |

**इ) ससंदर्भ भाव स्पष्ट कीजिए :** **2×3=6**

30. प्रभु जी तुम दीपक, हम बाती
जाकी जोति बरै दिन राती |
प्रभु जी तुम मोती, हम धागा,
जैसे सोने मिलत सुहागा |

**अथवा**

समै - समै सुन्दर सबै, रुप कुरूप न कोइ |
मन की रुचि जेती जितै , तित तेती रुचि होई ||

31. झुर्रियोंदार खुरदुरा तना मैलाकुचैला,
राइफल -सी एक सूखी डाल,
एक पगड़ी फूल पत्तीदार,
पाँवों में फटा पुराना जूता |

**अथवा**

सिर्फ हंगामा खड़ा करना मेरा मकसद नहीं ,
मेरी कोशिश है कि ये सूरत बदलनी चाहिए |

## खण्ड - ' ग '

**IV. अ ) निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लिखिए :** **1×5=5**

32.' सूखी डाली ' एकांकी के आधार पर, बड़प्पन के सम्बन्ध में दादाजी के विचार व्यक्त कीजिए |

**अथवा**

दादाजी ने परेश को किस प्रकार समझाया ?

**आ) निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लिखिए :** **1× 4=4**

33 ' अहंकार उन्नति में बाधक है। ' , प्रतिशोध' ' एकांकी के आधार पर श्रीधर के इस कथन को स्पष्ट कीजिए |

**अथवा**

भारवि किससे बदला लेना चाहता था और क्यों ?

## खण्ड - ' घ '

V. **अ ) वाक्य शुद्ध कीजिए:** **1× 3=3**

34. i. रोहन खाना खाया होगा |
ii. रमेश और सीता बाजार जाती है |
iii. माला की स्थिति देखकर मेरा होश उड़ गया |

**आ) निम्नलिखित वाक्यों को सूचनानुसार बदलिए :** **1× 3 =3**

35. i) शीला ने आम खाया | (वर्तमान काल में बदलिए)
ii) लड़का काम करता था | ( भविष्यत काल में बदलिए )
iii) कल उसका जन्म दिन है | ( भूतकाल में बदलिए )

**इ) अन्य लिंग रुप लिखिए:** **1× 3=3**

36. i) मालिन ii) दूधवाला iii) छात्र

**ई) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए :** **1× 3 =3**

37. i) जो छिपाया जा सके
ii) जानने की इच्छा रखनेवाला
iii) अवसर के अनुसार बदल जानेवाला

**उ) निम्नलिखित शब्दों के साथ उपसर्ग जोड़कर नए शब्दों का निर्माण कीजिए :** **1× 2=2**

38. i) मान ii) पुत्र

**ऊ) निम्नलिखित शब्दों में से प्रत्यय अलग करके लिखिए :** **1× 2=2**

39. i) गहराई ii) सामाजिक

VI **अ) निम्नलिखित अनुच्छेद पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए: 1× 4=4**

40. भृगु ने जाकर वरुण से कहा था कि भगवन, मैं ब्रह्म को जानना चाहता हूँ | पिता ने तप करने की आज्ञा दी | कठिन तपस्या के बाद पुत्र ने समझा - अन्न ही ब्रह्म है | पिता ने फिर तप करने को कहा | इस बार पुत्र कुछ और गहराई में गया । उसने प्राण को ही ब्रह्म समझा | पिता को संतोष नहीं हुआ | उन्होंने पुत्र को पुनः तप करने के लिए उत्साहित किया | पुत्र ने फिर तप किया और समझा मन ही ब्रह्म है | पिता फिर भी असंतुष्ट ही रहे | फिर तप करने के बाद पुत्र ने अनुभव किया - विज्ञान ही ब्रह्म है | पर पिता को अब भी संतोष नहीं हुआ | पुनः कठिन तप के बाद पुत्र ने समझा - आनंद ही ब्रह्म है | यही चरम सत्य था | इस प्रकार अन्न (भौतिक पदार्थ)-- प्राण -- मन -- विज्ञान (बुद्धि)-- आनंद, वे ही ज्ञान के पाँच स्तर है| वे उत्तरोत्तर सूक्ष्म है | इन्हीं पाँचों को आश्रय करके संसार के भिन्न - भिन्न दार्शनिक मत बने हैं |

प्रश्न: i) भृगु क्या जानना चाहते थे ?

ii) भृगु के पिताजी का नाम क्या है ?

iii ) भृगु ने किसे चरम सत्य माना ?

iv)' कठिन ' शब्द का विपरीतार्थक शब्द लिखिए ।

**आ**. 41) **निबन्ध लिखिए** : **1×4=4**

ओलंपिक्स खेल कूद में भारत का स्थान

**अथवा**

आपका नाम राजेश है | आपको पता चला है कि आपका भाई पढ़ाई में ध्यान नहीं दे रहा है , जिसके कारण उसका परीक्षा परिणाम बेहद खराब रहा है | उसे समझाते हुए एक पत्र लिखिए |

**इ) हिन्दी में अनुवाद कीजिए : 1× 3=3**

42. i) ನಾನು ನಿನ್ನ ಮನಸ್ಸನ್ನು ನೋಯಿಸಿದೆನೇ?

Did I hurt you ?

ii) ನಾವು ಕಲಿಯುವುದು ಬಹಳಷ್ಟಿದೆ.

There is a lot to learn for us.

iii) ನಾನು ನಿನ್ನನ್ನು ಪದೇ ಪದೇ ನೋಡಬೇಕು ಎಂದು ಅನಿಸುತ್ತಿದೆ.

I want to see you again and again.

******

.

# Government of Karnataka
# Karnataka School Examination and Assessment Board
# Model Question Paper-3

**Class: II Year** **Academic Year:2024-25**
**Subject: Hindi (03)** **Maximum Marks :80**
**Time: 3.00 Hours** **No. of Questions:42**

---

सूचना:

1) सभी प्रश्नों के उत्तर हिन्दी भाषा तथा देवनागरी लिपि में लिखना आवश्यक है|
2) प्रश्नों की क्रम संख्या लिखना अनिवार्य है|
3) प्रश्न पत्र ' क ', ' ख ', ' ग ', ' घ ', इन चार खण्डों में विभाजित है|
4) ' खण्ड- 'क ' के, प्रश्न संख्या 1 से 16 तक के प्रश्नों का उत्तर, जो पहली बार लिखा गया हो, उन्हीं उत्तरों का मूल्यांकन किया जाएगा।

**खण्ड - 'क'**

I. अ) निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्पों को चुनकर लिखिए: 10×1=10

1. भिक्षुक के गाँव का नाम है --
i) अंकोला ii) अमोला iii) अमरवल्ली iv) आसनसोल

2. सारे कॉलेज की लड़कियों पर इतना इतना रौब है तेरा..........इस वाक्य को किसने कहा?
i) मन्नू की माता ने ii) मन्नू भंडारी ने iii) प्रिंसिपल ने iv) मन्नू के पिताजी ने

3. विश्वेश्वरय्या इसके बड़े पाबंद थे --------
i) समय ii) मन iii) धन iv) अनुशासन

4. नरीता एयरपोर्ट इस देश में है --
i) भारत ii) ओसाका iii) चीन iv) जापान

5. 'गहने' कविता के कवि हैं ----------
i) महादेवी वर्मा ii) कुवेंपु iii ) नरेंद्र शर्मा iv) कुँवर नारायण

6. गौतम बुद्ध की कांस्यप्रतिमा का वजन है --
i) 200 टन ii) 300 टन iii) 500 टन iv) 700 टन

7. 'भारत की धरती' कविता के आधार पर, कर्नाटक में इस महाकवि के दर्शन कर सकते हैं --
i) पम्प ii) जन्न iii) रन्न iv) राघवांक

8. दादाजी के अनुसार उनका परिवार इस पेड़ के समान है --
i) आम ii) नारियल iii) बरगद iv) नीम

9. पेड़ की छाया को बढ़ाने का काम करती है--
i) तना ii) पुष्प iii) फल iv) डालियाँ

10 'नहीं, मैं ऐसे बेटों से बाज आया | किसी और के बेटे होंगे | इस वाक्य को किससे कहा?
i) बुलाकी ii) सुजान iii) भोला iv) भिक्षुक

आ) कोष्ठक में दिए गए कारक चिह्नों से रिक्त स्थान भरिए: 5×1=5

( के, का, को, की, से, में )

11. वे दोनों चुपके .......... वापस जाकर गाड़ी में बैठ जाते हैं |

12. सुजान .......... सामने अब एक नई समस्या खड़ी हो गई थी |

13. अब हमें रेल............ चढ़ना है |

14. डिनर............ क्या मालूम कब तक चले?

15. बरसात के पानी ...........तरह आँसू थमते न थे |

इ) निम्नलिखित मुहावरों को अर्थ के साथ जोड़कर लिखिए : 5×1=5

16.

| | |
|---|---|
| a) आग उगलना | i) रक्षा करना |
| b) लू उतारना | ii) अत्यधिक खुश होना |
| c) मुँह की खाना | iii) कठिन परिश्रम करना |
| d) दम न लेना | iv) अहं उतारना |
| e) फूले न समाना | v) गुस्सा करना |
| | vi) हार जाना |

## खण्ड – ' ख '

II. अ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 2×3=6

17. मनुष्य का परम धर्म क्या है? उसकी रक्षा कैसे करनी चाहिए?

18. शीला अग्रवाल का लेखिका पर क्या प्रभाव पड़ा ?

19. विश्वेश्वरय्या के गुण स्वभाव का परिचय दीजिए।

20. चीफ की दावत के समय माँ की मनोदशा का वर्णन कीजिए।

आ) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** का ससंदर्भ स्पष्टीकरण कीजिए : 2×3=6

21. 'आदमी को चाहिए कि जैसा समय देखे वैसा काम करे ।'

22. 'सेवाहि परमो धर्म' के स्थान पर लोस' मेवाहि परमो धर्म' कहने लगे हैं।'

23. ' चिन्ता में घुलते-घुलते और भूखे मरते-मरते उन्होंने दम तोड़ दिया ।'

24. " यह किला जापानी संघर्षधर्मिता और जिजीविषा का प्रतीक है।"

III अ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी **एक** का उत्तर लिखिए : 1x3=3

25. रैदास ने भगवान और भक्त के संबंध को कैसे वर्णित किया है?

26. वाणी को क्यों संयत रखना चाहिए?

आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी **एक** का उत्तर लिखिए : 1× 3=3

27. वृक्ष की महत्ता पर प्रकाश डालिए ।

28. कर्नाटक के गौरवशाली इतिहास और संस्कृति के संबंध में' मानव' के क्या उदगार हैं?

29. हो गई है पीर पर्वत-सी' ग़ज़ल से पाठकों को क्या संदेश मिलता है?

इ) ससंदर्भ भाव स्पष्ट कीजिए : 2×3=6

30. चोरी करत कान्ह धरि पाए ।
निसि-बासर मोहिँ बहुत सतायौ अब हरि अरि हाथहिँ आए ।
माखन-दधि मेरौ सब खायौ, बहुत अचगरी कीन्ही ।
अब तो घात परे हौ लालन, तुम्हेँ भलै मैं चीन्ही ॥

**अथवा**

समै-समै सुन्दर सबै, रूप कुरूप न कोइ ।
मन की रुचि जेती जितै, तित तेती रुचि होइ ॥

31. क्या अमरों का लोक मिलेगा ?
तेरी करुणा का उपहार ?
रहने दो हे देव! अरे
यह मेरा मिटने का अधिकार !

**अथवा**

यह मिटता है, वह बनता है,
यही सत्य की सही तोल है,
अर्पण कर सर्वस्व मनुज को,
कर न दुष्ट को आत्मसमर्पण ॥

**खण्ड - ' ग '**

IV. अ) निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लिखिए: 1×5=5

32. इन्दु को अपनी भाभी बेला पर क्यों क्रोध आया?

**अथवा**

दादा जी का चरित्र चित्रण कीजिए ।

आ) निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लिखिए: 1× 4=4

33. शास्त्रार्थ में पंडितों को हराते देख पिता ने भारवि के बारे में क्या सोचा?

**अथवा**

भारवि ने अपने पिता से किस प्रकार का दण्ड चाहा और उसे क्या दण्ड मिला?

**खण्ड - ' घ '**

V. अ ) वाक्य शुद्ध कीजिए: 1× 3=3

34. i. बिल्ली सारा दूध पी लिया।
ii. मेज पुस्तक रख दो ।
iii.तुलसीदास ने रामचरितमानस का रचना की।

आ) निम्नलिखित वाक्यों को सूचनानुसार बदलिए : 1× 3 =3

35. i) उसमें भयंकर दृढ़ता की छाप होती है। (भविष्यत् काल में बदलिए)

ii) शीला कपडे धोती थी। (वर्तमान काल में बदलिए)

iii) वे जिंदगी भर अपने लिए कुछ माँगते नहीं हैं। (भूतकाल में बदलिए)

इ) अन्य लिंग रुप लिखिए: 1× 3=3

36. i) सम्राट ii) मनोहारी iii) बेटी

ई) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए : 1× 3 =3

37. i) दूसरों का भला करने वाला

ii) आज्ञा पालन करने वाला

iii) छोटा भाई

उ) निम्नलिखित शब्दों के साथ उपसर्ग जोड़कर नए शब्दों का निर्माण कीजिए : 1× 2=2

38. i) क्रमण ii) परिवार

ऊ) निम्नलिखित शब्दों में से प्रत्यय अलग करके लिखिए : 1× 2=2

39. i) पागलपन ii) राष्ट्रीय

VI.अ) निम्नलिखित अनुच्छेद पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए: 1x 4 = 4

40) मनुष्य सुखाभिलाषी प्राणी है। सुख व आनंद प्राप्त करने के लिए वह कर्म करता है। यद्यपि 'इस कार्य में परिश्रम और कष्ट तो करना पड़ता है, तो भी परिणति आनंद में होती है। मनुष्य धन कमाता है, उससे ज़रूरत की चीज़ों के अतिरिक्त ऐश्वर्य और विलास की वस्तुएँ खरीदता हैं। किसलिए? आनंद पाने के लिए। आनंद के बिना मानव का जीवन शून्य है। किसी काम को करने का आनंद तभी मिलता है जब वह स्वेच्छा से किया गया हो। एक प्रसन्नचित्त व्यक्ति अपने आसपास के वातावरण को कभी नीरस होने नहीं देता। मानव के स्वभाव का असर दूसरे व्यक्तियों पर पड़े बिना नहीं रहता।

प्रश्न :

i ) मनुष्य कैसा प्राणी है?

ii) मनुष्य कर्म किसलिए करता है?

iii) मनुष्य धन क्यों कमाता है?

iv) आनंद के बिना मनुष्य का जीवन कैसा है?

आ. 41) निबंध लिखिए: 1x4=4

आतंकवाद

**अथवा**

अपने क्षेत्र में डेंगू के प्रकोप का वर्णन करते हुए उचित कार्यवाही के लिए क्षेत्रिय स्वास्थ्याधिकारी को पत्र लिखिए ।

इ ) हिंदी में अनुवाद कीजिए : 1x3=3

42. i) ಸರಳ ಬಹಳ ಪ್ರತಿಭಾನ್ವಿತೆ.

Sarala is very talented.

ii) ಭಾರತ ದೇಶವು ಕೃಷಿಪ್ರಧಾನ ದೇಶವಾಗಿದೆ.

India is an agricultural country.

Iii) ಗೌರಿಶಂಕರ ಶಿಖರವು ಹಿಮಾಲಯ ಪರ್ವತ ಶ್ರೇಣಿಯಲ್ಲಿ ಅತಿ ಎತ್ತರವಾದ ಶಿಖರ.

Gowrishankara is the highest peak in Himalayan mountain range.

-------

| Registration No: | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|

LX – 2025

Subject Code **03**

# HINDI

Time : 3 Hours 00 Minutes] [Total No. of Questions : 42] [Max. Marks : 80

**सूचनाएँ:**

1. सभी प्रश्नों के उत्तर हिन्दी भाषा तथा देवनागरी लिपि में लिखना आवश्यक है।

2. प्रश्नों की क्रम संख्या लिखना अनिवार्य है।

3. प्रश्न पत्र 'क', 'ख', 'ग', 'घ' इन चार खण्डों में विभाजित है।

4. खण्ड-'क' के प्रश्न संख्या 1 से 16 तक के प्रश्नों का उत्तर, जो पहली बार लिखा गया हो, उन्हीं उत्तरों का मूल्यांकन किया जाएगा।

03

## खण्ड – 'क'

I. (अ) निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्पों को चुनकर लिखिए: **(10 × 1 = 10)**

1) सुजान ने गाँव में यह बनवाया -

i) एक तालाब ii) एक पक्का कुआँ

iii) एक मंदिर iv) एक विद्यालय

2) 'धर्म के काम में मीन-मेष निकालना अच्छा नहीं' सुजान भगत कहानी के आधार पर यह वाक्य कहा है -

i) बुलाकी ने ii) भोला ने

iii) शंकर ने iv) सुजान ने

3) पिताजी रसोई घर को कहते थे -

i) गुसलखाना ii) दवाखाना

iii) भटियारखाना iv) बन्दीखाना

4) विश्वेश्वरय्या का जन्म दिन इस नाम से मनाया जाता है -

i) टीचर्स डे
ii) इंजीनीयर्स डे
iii) वुमेन्स् डे
iv) डाक्टर्स डे

5) जापान के होटलों का रिवाज़ है -

i) गरम पानी देना
ii) ठंडा पानी देना
iii) भरपेट भोजन देना
iv) गहने का प्रबन्ध करना

6) 'गहन' कविता में माँ आग्रह करती है कि -

i) बेटी मिट्टी में खेले
ii) बेटी मिट्टी में न खेले
iii) बेटी रंगीन कपड़े और गहने न पहने
iv) बेटी रंगीन कपड़े और गहने पहने

7) भारतीयता यहाँ बहुरूप में सँवरती है -

i) कन्नड़ नाडू में
ii) दक्षिण कन्नड़ में
iii) उत्तर कन्नड़ में
iv) दक्षिण नाडू में

8) 'सूखी डाली' के एकांकीकार का नाम है -

i) जगदीशचंद्र माथुर
ii) डॉ. रामकुमार वर्मा
iii) उपेन्द्रनाथ अश्क
iv) मोहन राकेश

9) दादाजी इसके हक में हैं -

i) नौकरों के
ii) पुराने नौकरों के
iii) गुलामों के
iv) नए नौकरों के

10) पुस्तकालय से बाहर निकलते समय अलार्म यह जताता है -

i) आपके पास कोई छुपी हुई पुस्तक नहीं है।

ii) आपके पास कोई खरीदी हुई पुस्तक नहीं है।

iii) आपके पास कोई लिखी हुई पुस्तक नहीं है।

iv) आपके पास कोई पढ़ी हुई पुस्तक नहीं है।

(आ) कोष्ठक में दिए गए कारक चिह्नों से रिक्त स्थान भरिए: **(5 × 1 = 5)**

(की, में, से, को, के, पर)

11) अब इन व्यापारों ____________ उसे घृणा होती थी।

12) पानी ____________ इकट्ठा करना था।

13) चेहरे ____________ उदासी थी।

14) तुम्हारे बेटों ____________ तो कमाई है।

15) दिल्ली ____________ खर्च चलाना मुश्किल था।

(इ) निम्नलिखित मुहावरों को अर्थ के साथ जोड़कर लिखिए: **(5 × 1 = 5)**

| | |
|---|---|
| 16) a) उँगली पर नचाना | (i) बहुत प्रसन्न होना |
| b) पत-पानी बनाना | (ii) कीर्ति पाना |
| c) फूले न समाना | (iii) रहस्य प्रकट करना |
| d) नाम जगाना | (iv) सम्मान बढ़ाना |
| e) पोल खुलना | (v) वश में रखना |
| | (vi) हिम्मत बढ़ाना |

## खण्ड – 'ख'

**II.** (अ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए: **(2 × 3 = 6)**

**17)** सुजान महतो की संपत्ति बढ़ी तो क्या करने लगा ?

**18)** समाज में कौन-कौन सी समस्याएँ बढ़ रही हैं ?

**19)** विश्वेश्वरय्या की शिक्षा के बारे में लिखिए।

**20)** चीफ की दावत के समय माँ की मनोदशा का वर्णन कीजिए।

(आ) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** के ससंदर्भ स्पष्टीकरण कीजिए: **(2 × 3 = 6)**

**21)** 'जिधर देखो उधर कर्तव्य ही कर्तव्य देख पड़ते हैं।'

**22)** 'पिता के ठीक विपरीत थीं हमारी बेपढ़ी-लिखी माँ।'

**23)** 'आज तक मैंने धोखा नहीं खाया था, पर भोलाराम का जीव मुझे चकमा दे गया।'

**24)** 'इनकी हर मंजिल पर इतनी जगह जानबूझकर छोड़ी गई है, जो भूकम्प के धक्के सह सके।'

**III.** (अ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी **एक** का उत्तर लिखिए: **(1 × 3 = 3)**

**25)** श्रीकृष्ण के रूप सौंदर्य का वर्णन कीजिए।

**26)** बिहारी ने दोनों कनक के संबंध में क्या कहा है ?

(आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी **एक** का उत्तर लिखिए: **(1 × 3 = 3)**

**27)** जीवन की सार्थकता किसमें है ?

**28)** वृक्ष की महत्व पर प्रकाश डालिए।

**29)** कवि दुष्यन्त कुमार ने पीड़ित व्यक्ति की संवेदना को किस प्रकार व्यक्त किया है ?

(इ) ससंदर्भ भाव स्पष्ट कीजिए: **(2 × 3 = 6)**

**30)** ऐसा चाहो राज में, जहाँ मिले सबन को अन्न।
छोटा-बड़ो सभ सम बसै, रैदास रहै प्रसन्न॥

**अथवा**

रहिमन पानी राखिये, बिनु पानी सब सून।
पानी गए न ऊबरै, मोती, मानुष, चून॥

**31)** ले-देकर जीना क्या जीना ?
कब तक गम के आँसू पीना ?
मानवता ने सींचा तुझको
बहा युगों तक खून-पसीना।

**अथवा**

परम पुनीत नीर कावेरी, मस्तक धर कर्नाटक में।
पम्प महाकवि के दर्शन, कर लो चलकर कर्नाटक में॥
बसवेश्वर या अक्कमहादेवी कर्नाटक में गाते।
रामानुज आचार्य 'मेलकोटे' में दर्शन दे जाते॥

**खण्ड – 'ग'**

**IV.** (अ) निम्नलिखित **प्रश्न** का उत्तर लिखिए: **(1 × 5 = 5)**

**32)** इंदु को अपनी भाभी बेला पर क्यों क्रोध आया ?

**अथवा**

दादाजी का चरित्र-चित्रण कीजिए।

(आ) निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लिखिए: **(1 × 4 = 4)**

**33)** 'अहंकार उन्नति में बाधक हैं' एकांकी के आधार पर श्रीधर के इस कथन को स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

सुशीला का चरित्र-चित्रण कीजिए।

## खण्ड – 'घ'

V. (अ) वाक्य **शुद्ध** कीजिएः **(1 × 3 = 3)**

**34)** i) यह किताब किसका है ?

ii) रोहन को पूछो।

iii) मुझे बहुत गुस्सा आती है।

(आ) निम्नलिखित वाक्यों को सूचनानुसार बदलिए: **(1 x 3 = 3)**

**35)** i) गुरूजी कविता लिखे। (भविष्यतकाल में बदलिए)

ii) आत्मानंद देश की सेवा करता है। (भूतकाल में बदलिए)

iii) लड़कियाँ फूल चुनेंगी। (वर्तमान काल में बदलिए)

(इ) अन्य लिंग रूप लिखिए: **(1 x 3 = 3)**

**36)** i) शिष्य ii) साधु iii) विधवा

(ई) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए: **(1 x 3 = 3)**

**37)** i) अच्छे चरित्रवाला

ii) बिना सोचे समझे किया गया विश्वास

iii) आँखों के सामने होनेवाला

(उ) निम्नलिखित शब्दों के साथ उपसर्ग जोड़कर नए शब्दों का निर्माण कीजिए: **(1 x 2 =2)**

**38)** i) मंत्री

ii) वास

(ऊ) निम्नलिखित शब्दों में से प्रत्यय अलग करके लिखिए: **(1 x 2 = 2)**

**39)** i) अवसरवादी

ii) कुटिलता

**VI.** (अ) निम्नलिखित अनुच्छेद पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए: **(1 x 4 = 4)**

**40)** आलस्य मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु है। किसी भी प्रकार का आलस्य सेहत को इतना नुकसान नहीं पहुँचता जितना कि प्रातःकाल बिस्तर पर देर तक पड़े रहना। बड़े-बड़े नगरों में अक्सर लोग देर तक सोते रहते हैं। कम ही लोग आठ या नौ बजे से पहले जागते हैं। परन्तु प्रातःकाल ही व्यायाम के लिए सबसे अच्छा होता है क्योंकि उस समय पेट खाली होता है और शरीर नींद से ताजा हो गया होता है। इसके अलावा प्रातःकाल की शुद्ध हवा हमारे शरीर को स्वस्थ रखती है। आलसी व्यक्ति यदि कभी छः बजे उठ जाए और एक घंटा बाहर की सैर और खेल कूद में बिता दे तो उसे आनंद आ जायेगा। उसकी भूख तेज़ हो जाएगी और वह दिन भर चुस्त और तरोताजा महसूस करेगा।

प्रश्न:

i) मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु कौन हैं?

ii) बड़े-बड़े नगरों में रहनेवाले लोगों की क्या आदत है?

iii) प्रातःकाल में व्यायाम करना क्यों अच्छा होता है?

iv) आलसी व्यक्ति को कब आनंद आ जायेगा?

(आ) **41)** निबन्ध लिखिए: **(1 x 4 = 4)**

शिक्षा और कम्प्यूटर

**अथवा**

चार दिन की छुट्टी माँगते हुए अपने कक्षा अध्यापक को एक पत्र लिखिए।

(इ) हिन्दी में अनुवाद कीजिए: **(1 x 3 = 3)**

**42)** i) ಕಾಡು ಪ್ರಾಣಿಗಳು ಬಹಳ ಅಪಾಯಕಾರಿ.

**Wild animals are very dangerous.**

ii) ಎಲ್ಲರೂ ಅವರನ್ನು ಗೌರವದಿಂದ ಕಾಣುತ್ತಿದ್ದರು.

**He was respected by everyone.**

iii) ವಿದ್ಯಾರ್ಥಿಗಳು ಆಟದ ಮೈದಾನದಲ್ಲಿ ಆಡುತ್ತಿದ್ದಾರೆ.

**Students are playing in the playground.**

**Government of Karnataka**
**Karnataka School Examination and Assessment Board**
**Model Question Paper-2**

**Class: II Year** **Academic Year:2024-25**
**Subject: Hindi (03)** **Maximum Marks :80**
**Time: 3.00 Hours** **No. of Questions:42**

---

सूचना:

1) सभी प्रश्नों के उत्तर हिन्दी भाषा तथा देवनागरी लिपि में लिखना आवश्यक है|
2) प्रश्नों की क्रम संख्या लिखना अनिवार्य है|
3) प्रश्न पत्र ' क ', ' ख ', ' ग ', ' घ ', इन चार खण्डों में विभाजित है|
4) ' खण्ड- 'क ' के, प्रश्न संख्या 1 से 16 तक के प्रश्नों का उत्तर, जो पहली बार लिखा गया हो, उन्हीं उत्तरों का मूल्यांकन किया जाएगा|

**खण्ड - 'क'**

I . अ) निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्पों को चुनकर लिखिए: 10×1=10

1. घर में किसका राज होता है?
   i ) जो पढ़ता है ii) जो कमाता है iii) जो सोचता है iv) जो बातें करता है
2. विश्वेश्वरय्या का जन्मदिन किस नाम से मनाया जाता है?
   i ) बाल दिवस ii) युवा दिवस iii) इंजीनियर्स डे iv) शिक्षक दिवस
3. अजमेर से पहले मन्नू के पिता निम्न स्थान पर थे-
   i ) इंदौर ii) इटावा iii) दिल्ली iv) जयपुर
4. ' शिन्कान्सेन ' का शाब्दिक अर्थ क्या है?
   i) गुफा ii) प्लास्टिक iii) न्यू ट्रॅक लाइन iv) किला
5. कौन द्वार पर आकर चिल्लाने लगा ?
   i) भिक्षुक ii) भोला iii) शंकर iv) भाट
6. नारा मंदिर में बुद्ध प्रतिमा की ऊँचाई कितनी है?
   i) 45 फुट ii) 35 फुट iii) 65 फुट iv) 55 फुट
7. राणा की हुंकार कहाँ सुनी जा सकती है?
   i ) हरियाणा में ii) राजस्थान में iii) पंजाब में iv) उत्तर प्रदेश में

8, 'गहने' कविता में सोने के गहने तकलीफ देते हैं -
   i) माँ को ii) बहन को iii) बेटी को iv) कवि को

9. हँसी के मारे मर जाने की बात कौन कहती है?
   i) रजवा ii ) बेला iii) मंझली बहू iv) बड़ी बहू

10. दादा जी के अनुसार व्यक्ति किन गुणों से बड़ा होता है?
   i) बुद्धि और योग्यता से ii) उम्र से iii) पद से iv) परामर्श से

आ ) कोष्ठक में दिए गए उचित शब्दों से रिक्त स्थान भरिए : 5×1=5

(मेहमान, कार्गो, स्वभाव, समाज, मूल्यवान, प्रकाश)

11. जीवन सबसे अधिक.......................... है ।

12. उसके.................................... में मधुरता है।

13. ....... ......................कहीं आठ बजे आयेंगे ।

14. साहित्य ............................का दर्पण है ।

15. सामान ...........................में पहुँच जाता है।

इ) निम्नलिखित मुहावरों को अर्थ के साथ जोड़कर लिखिए : 5×1=5

16.

| | |
|---|---|
| a) शर्म से पानी -पानी होना | i) सम्मान बढ़ाना |
| b) पत-पानी बनाना | ii) बहुत क्रोधित होना |
| c) आग बबूला होना | iii) आलिंगन करना |
| dj गले से लगाना | iv) बहुत लज्जित होना |
| e) खिल्ली उड़ाना | v) किसी का अपमान करना |
| | vi) हँसी उड़ाना |

**खण्ड - ' ख '**

II. अ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए: 2×3=6

17. झूठ की उत्पत्ति और उसके कई रूपों के बारे में लिखिए।

18. एक दकियानूसी मित्र ने मन्नू भंडारी के पिता से क्या कहा?

19. हैदराबाद नवाब के सामने कौन-सी मुसीबत थी? उसका समाधान विश्वेश्वरय्या ने कैसे किया?

20. भोलाराम की पत्नी ने नारद से क्या विनती की?

आ) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** का ससंदर्भ स्पष्टीकरण कीजिए: 2×3=6

21. 'अब तक जिस घर में राज्य किया, उसी घर में पराधीन बनकर वह नहीं रह सकता ।

22. 'एक बार जब जबान पे चढ़ जाए तो फिर कुछ अच्छा नहीं लगता ।'

23. ' मेरी माँ गाँव की रहनेवाली हैं। उमर भर गाँव में रही हैं।'

24. "यहाँ टिकट खाँचे में डाल कर जल्द अंदर घुसो, उस पार जाकर अपनी टिकट उठा लो।"

III. अ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी **एक** का उत्तर लिखिए : 1x3=3

25. परिश्रम के महत्व के प्रति रैदास के क्या विचार हैं?

26. सम्पत्ति रूपी पानी और मन रूपी कमल के संबंध में बिहारी क्या कहते हैं?

आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी **एक** का उत्तर लिखिए : 1× 3=3

27. कवयित्री अमरों के लोक को क्यों ठुकरा देती हैं?

28. पर्यावरण के संरक्षण के संबंध में कवि कुँवर नारायण के विचार लिखिए ।

29. पीड़ित व्यक्ति की संवेदना को कवि दुष्यन्त कुमार ने किस प्रकार व्यक्त किया है?

इ ) ससंदर्भ भाव स्पष्ट कीजिए : 2×3=6

30. ऊधौ हम आजु भईं बड़-भागी ।
जिन अँखियन तुम स्याम बिलोके, ते अँखियाँ हम लागीं।
जैसे सुमन बास लै आवत, पवन मधुप अनुरागी ।
अति आनंद होत है तैसैं, अंग-अंग सुख रागी ।

**अथवा**

रहिमन पानी राखिये, बिनु पानी सब सून ।
पानी गए न ऊबरै, मोती, मानुष, चून ||

31. युद्धं देहि कहे जब पामर
दे न दुहाई पीठ फेर कर;
या तो जीत प्रीति के बल पर
या तेरा पद चूमे तस्कर ।

**अथवा**

परम पुनीत नीर कावेरी, मस्तक धर कर्नाटक में।
पम्प महाकवि के दर्शन, कर लो चलकर कर्नाटक में ||
बसवेश्वर या अक्कमहादेवी कर्नाटक में गाते ।
रामानुज आचार्य' मेलकोटे' में दर्शन दे जाते ||

**खण्ड - ' ग '**

IV. अ ) निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लिखिए : 1×5=5

32. कर्मचन्द ने पेड़ से एक डाली टूटकर अलग होने की बात क्यों कही ?

**अथवा**

बेला अपने मायके क्यों जाना चाहती थी ?

आ) निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लिखिए : 1× 4=4

33. भारवि से संबंधित माता-पिता के बीच होने वाले प्रारंभिक संवाद का सार लिखिए।

**अथवा**

ग्लानि और जीवन के सबंध में श्रीधर के क्या विचार हैं ?

**खण्ड - ' घ '**

V. अ ) वाक्य शुद्ध कीजिए: 1× 3=3

34. i ) आपका दर्शन हुआ।
ii) वह पैदल से गया है।
iii) मेले में अनेकों दुकानें थीं ।

आ) निम्नलिखित वाक्यों को सूचनानुसार बदलिए : 1×3=3

35. i ) पिताजी मैसूर गए हैं। (भविष्यतकाल में बदलिए)
ii ) वह गद्‌गद कंठ से कहता है। (भूतकाल में बदलिए)
iii) अजयपाल तिलमिला उठेगा । (वर्तमान काल में बदलिए)

इ) अन्य लिंग रुप लिखिए: 1× 3=3

36. i ) हथिनी ii ) विद्वान iii) नायक

ई) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए : 1×3 =3

37. i ) जो साथ पढ़ता हो

ii) नीति जानने वाला

iii) जो शरण में आया हो

उ) निम्नलिखित शब्दों के साथ उपसर्ग जोड़कर नए शब्दों का निर्माण कीजिए : 1× 2=2

38. i ) जीवन ii ) दोष

ऊ) निम्नलिखित शब्दों में से प्रत्यय अलग करके लिखिए : 1× 2=2

39. i) चंचलता ii) देवरानी

VI अ) निम्नलिखित अनुच्छेद पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए: 1x 4 = 4

40) संसार का प्रत्येक धर्म दया और करुणा का पाठ पढ़ाता है। हर धर्म सिखाता है कि जीव पर दया-भाव रखो और कष्ट में फँसे इंसान की सहायता करो । परोपकार की भावना ही सबसे बड़ी मनुष्यता है । परोपकार की भावना रखने वाला न तो अपने-पराए का भेदभाव रखता है और न ही अपनी हानि की परवाह करता है। दयावान किसी को कष्ट में देखकर चुपचाप नहीं बैठ सकता। उसकी आत्मा उसे दुखी प्राणी के लिए कुछ करने को मज़बूर करती है। अगर कोई किसी पर अत्याचार करे या बेकसूर को यातना दे, तो हमारा कर्त्तव्य बनता है कि हम बेकसूर का सहारा बनें । न्याय व धर्म की रक्षा करना सदा से धर्म है। दया- भाव विहीन मनुष्य भी पशु समान ही होता है। जो दूसरों की रक्षा करते हैं, वे इस सृष्टि को चलाने में भगवान की सहायता करते हैं । धर्म का मर्म ही दया है। दया-भाव से ही धर्म का दीपक सदा प्रज्वलित रहता है।

प्रश्न:

i) सबसे बड़ी मनुष्यता क्या है?

ii) दयावान व्यक्ति कब चुपचाप नहीं बैठ सकता?

iii) न्याय व धर्म की रक्षा करना क्या है?

iv)धर्म का दीपक किससे सदा प्रज्वलित रहता है?

आ. 41) निबंध लिखिए: 1×4=4

मेरे जीवन की अविस्मरणीय घटना

**अथवा**

आज की भागदौड़ की जिंदगी में व्यायाम के महत्व को दर्शाते हुए अपने छोटे भाई को पत्र लिखिए।

इ ) हिंदी में अनुवाद कीजिए : 1x3=3

42) i) ಮಾನವನು ದೇವರ ಉತ್ತಮ ಸೃಷ್ಟಿಯಾಗಿದ್ದಾನೆ.

Human being is the finest creation of God.

.ii) ಕೇವಲ ಹಣದಿಂದಲೇ ಯಾರೂ ಸುಖವನ್ನು ಗಳಿಸಲಾರರು.

One cannot get happiness merely by acquiring money.

iii) ಕಠಿಣ ಪರಿಶ್ರಮವಿಲ್ಲದೇ ಸಫಲತೆಯು ಸಿಗಲಾರದು.

There is no success without hard work.

-------------------------

| ನೋಂದಣಿ ಸಂಖ್ಯೆ : Registration No. : | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|

**X1 – 2025**

| ವಿಷಯ ಸಂಕೇತ / Subject Code | 03 (NS) |
|---|---|

# ಹಿಂದಿ / HINDI

[ಸಮಯ: 3 ಗಂಟೆಗಳು] [ಒಟ್ಟು ಪ್ರಶ್ನೆಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 42] [ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 80]

[Time : 3 Hours] [Total No. of questions : 42] [Max. Marks : 80]

***सूचना :***

1. *सभी प्रश्नों के उत्तर हिंदी भाषा तथा देवनागरी लिपि में लिखना आवश्यक है।*
2. *प्रश्नों की क्रम संख्या लिखना अनिवार्य है।*
3. *प्रश्न पत्र 'क', 'ख', 'ग', 'घ', इन चार खण्डों में विभाजित है।*
4. *खण्ड – 'क' के प्रश्न संख्या 1 से 16 तक के प्रश्नों का उत्तर, जो पहली बार लिखा गया हो, उन्हीं उत्तरों का मूल्यांकन किया जाएगा।*

## खण्ड – 'क'

I. अ) निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्पों को चुनकर लिखिए : **(10 × 1 = 10)**

1) कितने महीने पहले सुजान भगत के द्वार से भिक्षुक निराश होकर लौटा था –

i) पाँच महीने ii) छः महीने

iii) सात महीने iv) आठ महीने

2) महानगरों में रहनेवाले लोग यह भूल गये हैं –

i) पडोस–कल्चर ii) पडोस– संघर्ष

iii) पडोस–मतभेद iv) पडोस–स्नेह

3) ‘कृष्णराज–सागर’ बाँध किस नदी पर है –

i) कृष्णा ii) भीमा

iii) कावेरी iv) तुंगभद्रा

4) जापानी भाषा में जिसे ‘जो’ कहते है, उसे हिंदी भाषा में कहते हैं –

i) मंदिर ii) इकी

iii) स्टेशन iv) किला

5) बेटी इन्हें गहने मानती है –

i) पिता के पितृत्व को ii) माँ के मातृत्व को

iii) अपने कपडों को iv) स्नेह को

6) राणा की हुंकार इस राज्य में सुनाई देती है –

i) महाराष्ट्र ii) कर्नाटक

iii) राजस्थान iv) पंजाब

7) ‘सुखी डाली’ एकांकी के लेखक हैं –

i) उपेंद्रनाथ अश्क ii) डॉ. रामकुमार वर्मा

iii) उपेंद्रनाथ शर्मा iv) उपेंद्रनाथ यादव

8) मिश्रानी इतने वर्षों से मूलराज के परिवार में काम कर रही थी –

i) तीन वर्ष ii) पाँच वर्ष

iii) सात वर्ष iv) दस वर्ष

9) मन्नू भंडारी के पति का नाम है –

i) देवेंद्र यादव ii) राजेंद्र यादव

iii) सुरेंद्र यादव iv) नगेंद्र यादव

10) ‘बाबा इतना मुझसे उठ न सकेगा।’ वाक्य किस पाठ का है?

i) कर्तव्य और सत्यता ii) चीफ़ की दावत

iii) सुजान भगत iv) भोलाराम का जीव

आ) कोष्ठक में दिए गए उचित शब्दों से रिक्त स्थान भरिए : **(5 × 1 = 5)**

(सेवा, कावेरी, मेहनत, नारा, फुलकारियाँ, उदासी)

11) ____________ तो गाँव के सभी किसान करते थे।

12) रेल से ____________ पहुँचने में बहुत वक्त नहीं लगा।

13) औरते ____________ बनाती हैं।

14) उस दिन दक्षिण की ____________ बहन मिली थी।

15) ____________ करने से चरित्र बनता है।

इ) निम्नलिखित मुहावरों को अर्थ के साथ जोड़कर लिखिए : **(5 × 1 = 5)**

16)

| | | | |
|---|---|---|---|
| a) | आँख रखना | i) | उपेक्षा करना |
| b) | मुँह फेरना | ii) | निगरानी करना |
| c) | टोपी उछालना | iii) | बहुत प्रसन्न होना |
| d) | फूले न समाना | iv) | एक मात्र सहारा |
| e) | दिन फिरना | v) | अपमानित करना |
| | | vi) | भाग्य पलटना |

## खण्ड – 'ख'

II. अ) निम्नलिखित प्रश्नों में से **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **(2 × 3 = 6)**

17) 'गंगा मैया से साक्षात्कार' पाठ के अनुसार समाज में कौन–कौन सी समस्याएँ बढ़ रही हैं?

18) विश्वेश्वरय्या के गुण–स्वभाव का परिचय दीजिए।

19) 'चीफ़ की दावत' कहानी में शामनाथ और उनकी धर्मपत्नी माँ को लेकर क्यों चिंतित थे?

20) जापान के 'शिन्कान्सेन' पर टिप्पणी लिखिए।

आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से **किन्हीं दो** का ससंदर्भ स्पष्टीकरण कीजिए : **(2 × 3 = 6)**

21) ‘अब तक जिस घर में राज किया, उसी घर में पराधीन बनकर नहीं रह सकता’।

22) ‘मैं काली हूँ। बचपन में दुबली और मरियल भी थी’।

23) ‘इनकम होती तो टैक्स होता। भुखमरा था’।

24) ‘सत्य बोलने ही से समाज में हमारा सम्मान हो सकेगा और हम आनंदपूर्वक हमारा समय बिता सकेंगे’।

III. अ) निम्नलिखित प्रश्नों में से **किसी एक** का उत्तर लिखिए : **(1 × 3 = 3)**

25) गोपिकाएँ अपने आपको क्यों भाग्यशालिनी समझती हैं?

26) अहंकार के संबंध में रहीम के विचार अपने शब्दों में अभिव्यक्त कीजिए।

आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से **किसी एक** का उत्तर लिखिए : **(1 × 3 = 3)**

27) ‘कायर मत बन’ कविता के माध्यम से कवि ने क्या संदेश दिया है?

28) पर्यावरण के संरक्षण के संबंध में कवि के विचार लिखिए।

29) ‘हो गई है पीर पर्वत सी’ कविता का सारांश अपने शब्दों में लिखिए।

इ) ससंदर्भ भाव स्पष्ट कीजिए : **(2 × 3 = 6)**

30) i) प्रभुजी तुम मोती, हम थागा,
जैसे सोने मिलत सुहागा।
प्रभुजी तुम स्वामी हम दासा
ऐसी भगति करै रैदासा।।

अथवा

ii) जपमाला छापा तिलक, सरै न एकौ कामु
मन-काँचै नाचै वृथा, साँचै राँचै रामु।।

31) i) वे मुस्काते फुल, नहीं –
जिनको आता है मुरझाना,
वे तारों के दीप, नहीं –
जिनको भाता है बुझ जाना;

अथवा

ii) उत्तर में उत्तर प्रदेश, काशी, प्रयाग, हरिद्वार जहाँ।
मलिक मुहम्मद के, कबीर के, तुलसी के उद्गार जहाँ।
बद्रीनाथ, केदारनाथ–से, तीर्थों का यह स्थल पावन
माखन भोग लगाने वाला, कृष्ण कन्हैया मनभावन।।

**खण्ड – 'ग'**

IV. अ) निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लिखिए : **(1 × 5 = 5)**

32) i) मूलराज के परिवार का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

अथवा

ii) बेला की मानसिक दशा का वर्णन अपने शब्दों में लिखिए।

आ) निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लिखिए : **(1 × 4 = 4)**

33) i) 'प्रतिशोध' एकांकी के लेखक का संक्षिप्त परिचय देकर एकांकी के उद्देश्य पर प्रकाश डालिए।

अथवा

ii) संस्कृत के महाकवि भारवि की चारित्रिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

## खण्ड – 'घ'

V. अ) वाक्य शुद्ध कीजिए : **(3 × 1 = 3)**

34) i) उसे दिखावा नहीं रूचती है।

ii) मन में ऐसा शक्ती है।

iii) ऐसा कभी नहीं हुई थी।

आ) निम्नलिखित वाक्यों को सूचनानुसार बदलिए : **(3 × 1 = 3)**

35) i) यात्री गंगा में स्नान कर रहे हैं। (भविष्यतकाल में बदलिए)

ii) उस रोगी का शरीर बहुत दुर्बल था। (वर्तमानकाल में बदलिए)

iii) इस दिशा में काम शुरु हो जाएगा। (भूतकाल में बदलिए)

इ) अन्य लिंग रूप लिखिए : **(3 × 1 = 3)**

36) i) अभिनेता

ii) वधु

iii) औरत

ई) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए : **(3 × 1 = 3)**

37) i) सदा रहनेवाला

ii) जिसका रूप अच्छा न हो

iii) प्रशंसा करने योग्य

उ) निम्नलिखित शब्दों के साथ उपसर्ग जोड़कर नए शब्दों का निर्माण कीजिए : **(2 × 1 = 2)**

38) i) दूषण

ii) शासन

ऊ) निम्नलिखित शब्दों में से प्रत्यय अलग करके लिखिए : **(2 × 1 = 2)**

39) i) स्वच्छता

ii) कहानियाँ

VI. अ) निम्नलिखित अनुच्छेद पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **(4 × 1 = 4)**

40) रिपोर्ताज आधुनिक युग में विकसित एक गौण गद्य–विद्या है। इसका उदय द्वितीय महायुद्ध के समय युद्ध की घटनाओं के रिपोर्ट या विवरण प्रस्तुति के अंतर्गत एक साहित्यिक विधा के रूप में हुआ था। यह विधा समाचार पत्रों की देन है। रिपोर्ताज फ्रांसीसी भाषा का शब्द है। यह अंग्रेजी के रिपोर्ट का हिंदीकरण है। इसका जन्म 1936 ई. में उस समय हुआ, जब अमेरिकी लेखक इलिया एहटेनबर्ग द्वारा अनेक रिपोर्ताज लिखे गये। हिंदी साहित्य में इस विधा का प्रारंभ 'रूपाभ' पत्रिका में प्रकाशित 'शिवदान सिंह चौहान' की रचना लक्ष्मीपुरा से होता है।

प्रश्न :

i) इलिया एहटेनबर्ग किस देश के रचनाकार है?

ii) रिपोर्ताज किसकी देन है?

iii) शिवदान सिंह चौहान के रिपोर्ताज का नाम क्या है?

iv) रिपोर्ताज मूलत: किस भाषा का शब्द है?

आ) निबंध लिखिए: **(1 × 4 = 4)**

41) i) खेल जगत में क्रिकेट का स्थान।

अथवा

ii) चरित्र-प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु अपने कॉलेज के प्रधानाचार्य को आवेदन पत्र लिखिए।

इ) हिन्दी में अनुवाद कीजिए : **(3 × 1 = 3)**

42) i) ಭಾಷೆಯು ಸರಳವಾಗಿ ಅರ್ಥವಾಗುವಂತಿರಬೇಕು.

Language should be simple and easy to understand.

ii) ಕಠಿಣ ಪರಿಶ್ರಮವಿಲ್ಲದೆ ಸಫಲತೆಯು ಸಿಗಲಾರದು.

There is no success without hardwork.

iii) ನಾಳೆಯು ತಿಂಗಳ ಕೊನೆಯ ದಿನವಾಗಿದೆ.

Tomorrow will be the last day of the month.

ಒಟ್ಟು ಪ್ರಶ್ನೆಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 42 ] Sl. No. :

Total No. of Questions : 42 ]

| ನೋಂದಣಿ ಸಂಖ್ಯೆ : Registration No. : | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|

ವಿಷಯ ಸಂಕೇತ / Subject Code **03**

# ಹಿಂದಿ / HINDI

ಸಮಯ : 3 ಗಂಟೆಗಳು ] [ ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 80

Time : 3 Hours ] [ Max. Marks : 80

**सूचना :**

i) सभी प्रश्नों के उत्तर हिंदी भाषा तथा देवनागरी लिपि में लिखना आवश्यक है ।

ii) प्रश्नों की क्रम संख्या लिखना अनिवार्य है ।

iii) प्रश्न पत्र '**क**', '**ख**', '**ग**', '**घ**' इन चार खण्डों में विभाजित है ।

iv) **खण्ड – क** की प्रश्न संख्या 1 से 16 तक के प्रश्नों का उत्तर, जो पहली बार लिखा गया हो, उन्हीं उत्तरों का मूल्यांकन किया जाएगा ।

## खण्ड – क

I. अ) निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्पों को चुनकर लिखिए : 10 × 1 = 10

1. घर में किसका राज होता है ?

i) जो पढ़ता है ii) जो सोचता है

iii) जो कमाता है iv) जो बातें करता है

2. विश्वेश्वरय्या किस उम्र में असिस्टेंट इंजीनियर के पद पर नियुक्त हुए ?

i) तेईस ii) पच्चीस

iii) सैंतालीस iv) तैंतीस

Code No. 03

3. 'पानी' के लिए जापानी भाषा में शब्द है

i) हाय ii) मिजु

iii) इय iv) ऊकी

4. अजमेर से पहले मन्नू के पिता किस स्थान पर थे ?

i) इटावा ii) जयपुर

iii) दिल्ली iv) इंदौर

5. भगत बनने के लिए सबसे पहले किसका त्याग करना पड़ता है ?

i) झूठ ii) सत्य

iii) न्याय iv) स्नान

6. बेटी सजने-धजने से महसूस करती है

i) आनंद ii) सुंदर

iii) दुःख iv) बंधन

7. गौतम और महावीर ने अपनी परंपराएँ किस भूमि पर पाली हैं ?

i) कर्नाटक ii) राजस्थान

iii) बिहार iv) हरियाणा

8. हर बात पर अपने मायके की तारीफ करती रहती है

i) मँझली बहू ii) छोटी बहू

iii) इन्दु iv) बड़ी बहू

9. बरगद के पेड़ की कहानी किसका निर्माण करती हैं ?

i) कुटुम्ब, समाज और राष्ट्र ii) रोचक एकांकी

iii) देश-विदेश iv) मानवीयता

10. जापान के होटलों का रिवाज़ है

    i) भर पेट भोजन देना

    ii) ठंडा पानी पीने के लिए देना

    iii) गर्म पानी पीने के लिए देना

    iv) रहने का प्रबंध करना

आ) कोष्ठक में दिए गए कारक चिह्नों से रिक्त स्थान भरिए :

( से, को, की, पर, में, का ) 5 × 1 = 5

11. जो खर्च करता है, उसी ............. देता है ।

12. रात ............. दावत हरजेन्द्र चौधरी के घर पर है ।

13. हाथ .......... गिलास छूट गया ।

14. आप अपने कमरे ........... जाइए ।

15. तलवार ................ प्रमाण निर्बलों का प्रमाण है ।

इ) निम्नलिखित मुहावरों को अर्थ के साथ जोड़कर लिखिए : 5 × 1 = 5

| | 'अ' | | 'ब' |
|---|---|---|---|
| 16. a) | कमर कसना | i) | असहनीय दुःख होना |
| b) | आग बबूला होना | ii) | स्वभाव बदलना |
| c) | कलेजा फटना | iii) | भाग्य पलटना |
| d) | रंग बदलना | iv) | तैयार होना |
| e) | दिन फिरना | v) | उपेक्षा करना |
| | | vi) | बहुत क्रोधित होना |

Code No. 03

## खण्ड – ख

II. अ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 2 × 3 = 6

17. झूठ की उत्पत्ति और उसके कई रूपों के बारे में लिखिए ।

18. विश्वेश्वरय्या के गुण-स्वभाव का परिचय दीजिए ।

19. भोलाराम की पत्नी ने नारद से क्या विनती की ?

20. लेखिका मन्नू भंडारी ने अपनी आत्मकथा 'एक कहानी यह भी' में अपनी माँ का परिचय किस प्रकार दिया है ?

आ) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** का ससंदर्भ स्पष्टीकरण कीजिए : 2 × 3 = 6

21. 'एक बार जबान पे चढ़ जाए तो फिर कुछ अच्छा नहीं लगता ।'

22. 'भीख, भीख की तरह दी जाती है, लुटायी नहीं जाती ।'

23. 'यह किला जापानी संघर्षधर्मिता और जिजीविषा का प्रतीक है ।'

24. 'तुम चली जाओगी, तो फुलकारी कौन बनायेगा ?'

III. अ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी **एक** का उत्तर लिखिए : 1 × 3 = 3

25. परिश्रम के महत्व के प्रति रैदास के क्या विचार हैं ?

26. सम्पत्ति रूपी पानी और मन रूपी कमल के संबंध में बिहारीलाल ने क्या कहा है ?

आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी **एक** का उत्तर लिखिए : 1 × 3 = 3

27. कवयित्री महादेवी वर्मा अमरों के लोक को क्यों ठुकरा देती हैं ?

28. कर्नाटक के गौरवशाली इतिहास और संस्कृति के संबंध में डॉ० पुण्यमचन्द 'मानव' के क्या उद्‌गार हैं ?

29. कवि नरेन्द्र शर्मा ने प्रतिहिंसा और कायरता के संबंध में क्या विचार व्यक्त किए हैं ?

इ) ससंदर्भ भाव स्पष्ट कीजिए : $2 \times 3 = 6$

30. जमुना तट देखे नँद नंदन ।

मोर-मुकुट मकराकृत-कुंडल, पीत-बसन तन चंदन ।

लोचन तृप्त भए दरसन तैं उर की तपानि बुझानी ।।

**अथवा**

रहीमन गली है साँकरी, दूजो ना ठहराहिं ।

आपु अहै तो हरि नहीं, हरि तो आपुन नाहिं ।।

31. अबकी घर लौटा तो देखा वह नहीं था –

वही बूढ़ा चौकीदार वृक्ष

जो हमेशा मिलता था घर के दरवाजे पर तैनात ।

**अथवा**

सिर्फ हंगामा खड़ा करना मेरा मकसद नहीं,

मेरी कोशिश है कि ये सूरत बदलनी चाहिए ।

**खण्ड – ग**

IV. अ) निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लिखिए : $1 \times 5 = 5$

32. बेला की चारित्रिक विशेषताओं पर संक्षेप में प्रकाश डालिए ।

**अथवा**

दादा जी के 'बड़प्पन' के संबंध में क्या विचार थे ?

आ) निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लिखिए : $1 \times 4 = 4$

33. भारवि ने अपने पिता से किस प्रकार का दण्ड चाहा और उसे क्या दण्ड मिला ?

**अथवा**

शास्त्रार्थ में पंडितों को हराते देख पिता ने भारवि के बारे में क्या सोचा ?

### खण्ड – घ

V. अ) वाक्य शुद्ध कीजिए : $3 \times 1 = 3$

34. i) मैं आप पर इज़्ज़त करता हूँ ।

ii) मेरा प्राण बेचैन है ।

iii) माला ने फल खाई ।

आ) निम्नलिखित वाक्यों को सूचनानुसार बदलिए : $3 \times 1 = 3$

35. i) शीला फूल चुनेगी । ( वर्तमान काल में बदलिए )

ii) उन्होंने मन्नू को बधाई दी । ( भविष्यत् काल में बदलिए )

iii) अध्यापक बच्चों को पढ़ाते हैं । ( भूतकाल में बदलिए )

इ) अन्य लिंग रूप लिखिए : $3 \times 1 = 3$

36. i) पुरुष

ii) पत्नी

iii) अग्रज

ई) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए : $3 \times 1 = 3$

37. i) जहाँ कोई न रहता हो

ii) जो जन्म से अंधा हो

iii) ईश्वर में विश्वास न रखने वाला

उ) निम्नलिखित शब्दों के साथ उपसर्ग जोड़कर नए शब्दों का निर्माण कीजिए : $2 \times 1 = 2$

38. i) शासन

ii) परिवार

ऊ) निम्नलिखित शब्दों में से प्रत्यय अलग कर लिखिए : $2 \times 1 = 2$

39. i) साहित्यिक

ii) मानवता

VI. अ) निम्नलिखित अनुच्छेद पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 4 × 1 = 4

40. मज़दूरी करने से हृदय पवित्र होता है, संकल्प दिव्य लोकांतर में विचरते हैं । हाथ की मज़दूरी ही से सच्चे ऐश्वर्य की उन्नति होती है । जापान में मैंने ऐसी कलावती कन्याओं और स्त्रियों को देखा है कि वे रेशम के छोटे-छोटे टुकड़ों को अपनी दस्तकारी की बदौलत हजारों की कीमत का बना देती हैं; नाना प्रकार के प्राकृतिक पदार्थों और दृश्यों को अपनी सुई से कपड़े के ऊपर अंकित कर देती हैं । जापान-निवासी कागज़, लकड़ी और पत्थर की बड़ी अच्छी मूर्तियाँ बनाते हैं । करोड़ों रुपये के हाथ के बने हुए जापानी खिलौने विदेशों में बिकते हैं । हाथ की बनी हुई जापानी चीजें मशीन से बनी हुई चीज़ों को मात करती हैं । संसार के सब बाजारों में उनकी बड़ी माँग रहती है । पश्चिमी देशों के लोग हाथ की बनी हुई जापान की अद्‌भुत वस्तुओं पर जान देते हैं । एक जापानी तत्वज्ञानी का कथन है कि हमारी दस करोड़ उँगलियाँ सारे काम करती हैं । इन्हीं उँगलियों के बल से, संभव है हम जगत को जीत लें । जब तक धन और ऐश्वर्य की जन्मदात्री हाथ की कारीगरी की उन्नति नहीं होती, तब तक भारतवर्ष ही की क्या, किसी भी देश या जाति की दरिद्रता दूर नहीं हो सकती । यदि भारत की पचास करोड़ नर-नारियों की उँगलियाँ मिलकर कारीगरी के काम करने लगें तो उनकी मज़दूरी की बदौलत कुबेर का महल उनके चरणों में आप-ही-आप आ गिरे ।

**प्रश्न :**

i) मज़दूरी करने से क्या होता है ?

ii) जापान की कलावती कन्याएँ क्या करती हैं ?

iii) हाथ की बनी हुई जापानी चीज़ें किसे मात करती हैं ?

iv) किसी भी देश और जाति की दरिद्रता किस प्रकार दूर हो सकती है ?

आ) निबंध लेखन अथवा पत्र लेखन : 1 × 4 = 4

41. विद्यार्थी जीवन : एक स्वर्णिम युग ।

**अथवा**

परीक्षा में सफलता पर बधाई देते हुए अपने छोटे भाई को पत्र लिखिए ।

इ) हिंदी में अनुवाद कीजिए : 3 × 1 = 3

42. i) ಮಾನವನು ದೇವರ ಉತ್ತಮ ಸೃಷ್ಟಿಯಾಗಿದ್ದಾನೆ.

Human being is the finest creation of God.

ii) ಪ್ರತಿಯೊಂದು ರಾಜ್ಯದಲ್ಲಿ ಅದರದೇ ಆದ ಆಡಳಿತ ಭಾಷೆ ಇದೆ.

Every state has its own state language.

iii) ಶಾಲೆಗಳು ಜ್ಞಾನದ ಅಡಿಪಾಯವಾಗಿವೆ.

Schools are the foundation of learning.

Registration No: | | | | | | | | | | | |

A2 – 2024

Subject Code **03**

# HINDI

Time : 3 Hours 15 Minutes] [Total No. of Questions : 36] [Max. Marks : 80

**सूचनाएँ:**

1. सभी प्रश्नों के उत्तर हिन्दी भाषा तथा देवनागरी लिपि में लिखना आवश्यक है।

2. प्रश्नों की क्रम संख्या लिखना अनिवार्य है।

3. खण्ड 'क' के प्रश्नों के उत्तर जो प्रथम बार लिखा जाता है, उन्हीं उत्तरों को मूल्यांकन के लिए लिया जायेगा।

**खण्ड – 'क'**

I. (अ) निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्पों को चुनकर लिखिए: **(10 × 1 = 10)**

1) सुजान की गोद में सिर रखे इन्हें अकथनीय सुख मिल रहा था -

i) बुलाकी को

ii) बैलों को

iii) बेला को

iv) भोला को

2) 'गंगा मैया से साक्षात्कार' के आधार पर, माँ के चेहरे पर थी -

i) मक्खी

ii) दाग

iii) गन्दगी

iv) उदासी

3) लेखिका की बड़ी बहन का नाम -

i) शीला ii) बुलाकी

iii) सुशीला iv) बेला

4) निम्नलिखित वाक्यों में 'चीफ की दावत' कहानी से संबंधित नहीं है -

i) चीफ की दावत कहानी में मनुष्य की उधेड़बुन वर्णित है।

ii) चीफ की दावत कहानी में वृद्धों की समस्याओं का चित्रण किया गया है।

iii) चीफ की दावत कहानी में गरीबी, भुखमरी, भ्रष्टाचार की समस्याओं का चित्रण किया गया है।

iv) चीफ की दावत कहानी में समाज के दिखावेपन का चित्रण है।

5) 'पानी' के लिए जापानी भाषा में शब्द है -

i) मिजु ii) दायुस्कि

iii) इय iv) दूमो आरिगातू

6) सूरदास के पद में 'दृष्टि परम रूचि लगी' पंक्ति का भाव है -

i) कृष्ण की दृष्टि गोपिकाओं को अच्छी लगी।

ii) उद्धव की दृष्टि गोपिकाओं को अच्छी लगी।

iii) गोपिकाओं की दृष्टि उद्धव को अच्छी लगी।

iv) गोपिकाओं की दृष्टि कृष्ण को अच्छी लगी।

7) 'अन्य गहने क्यों चाहिए माँ' ? में बेटी माँ से बताना चाहती है -

i) जो गहने लाये गये हैं, उनके अलावा अन्य गहने नहीं चाहिए।

ii) बेटी माँ के लिए गहने हैं और माँ बेटी के लिए गहने हैं।

iii) अन्य बहुत सारे गहने नहीं चाहिए।

iv) जो गहने खरीदे गए हैं, वे अच्छे नहीं हैं।

8) कवि नरेन्द्र शर्मा के अनुसार मनुष्य को सींचा है -

i) दानवता ने ii) दुर्बलता ने

iii) कायरता ने iv) मानवता ने

9) प्रेम के बिना इसका मूल्य नहीं है -

i) अनुशासन का ii) धर्म का

iii) सत्य का iv) शासन का

10) भारवि के अनुसार यह जघन्य पाप है -

i) झूठ बोलना

ii) आत्महत्या करना

iii) चिंता में घुलना

iv) दूसरों की हत्या करना

(आ) कोष्ठक में दिए गए कारक चिन्हों से रिक्त स्थान भरिए:
(से, की, का, पर, ने, के) **(5 × 1 = 5)**

11) i) इस पद ----- उन्होंने तीन साल तक काम किया ।

ii) पिताजी ----- बच्चों को मिठाई दी।

iii) नरक में निवास स्थान ----- समस्या हल हो गयी है।

iv) राज्य ----- विकास में उनकी देन अनुपम है।

v) कड़ी निगाह ------ देखा तक नहीं।

(इ) निम्नलिखित मुहावरों को अर्थ के साथ जोड़कर लिखिए: **(5 × 1 = 5)**

| | |
|---|---|
| 12) i) तिनक जाना | 1. रक्षा करना |
| ii) पोल खुलना | 2. अत्यधिक खुश होना |
| iii) मक्खी मारना | 3. हार जाना |
| iv) तार देना | 4. क्रोधित होना |
| v) फूले न समाना | 5. बेकार बैठना |
| | 6. रहस्य प्रकट होना |

**खण्ड – 'ख'**

II. (अ) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए: **(2 × 3 = 6)**

13) सुजान भगत को सबसे अधिक क्रोध बुलाकी पर क्यों आता है?

14) मन्नू भंडारी की माँ का परिचय दीजिए।

15) विश्वेश्वरय्या की प्रसिद्धि तथा पदोन्नति देख कुछ इंजीनियर क्यों जलते थे?

16) बरामदे में पहुँचते ही शामनाथ क्यों ठिठक गये?

(आ) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** के ससंदर्भ स्पष्टीकरण कीजिए: **(2 × 3 = 6)**

17) 'कर्तव्य करना न्याय पर निर्भर है।'

18) 'वत्स, देश का वातावरण ही जब प्रदूषित हो गया, तब मैं कैसे बच सकती थी'?

19) 'चिन्ता में घुलते-घुलते और भूखे मरते-मरते उन्होंने दम तोड़ दिया।'

20) 'यहाँ तो डेंटिस्ट मक्खी मारते होंगे।'

III. (अ) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए: **(2 × 3 = 6)**

21) सब वेद और स्मृतियाँ क्या बताते हैं?

22) जीवन की सार्थकता किसमें हैं?

23) 'हो गई है पीर पर्वत-सी' गजल से पाठकों को क्या संदेश मिलता है?

(आ) ससंदर्भ भाव स्पष्ट कीजिए: **(2 × 4 = 8)**

24) रहिमन पानी राखिये, बिनु पानी सब सून।
पानी गए न ऊबरै, मोती मानुष, चून॥

**अथवा**

ऐसा चाहो राज में,
जहाँ मिले सबन को अन्न।
छोटा-बड़ो सभ सम बसै,
रैदास रहै प्रसन्न॥

25) बचाना है -

नदियों को नाला हो जाने से
हवा को धुँआ हो जाने से
खाने को जहर हो जाने से
बचाना है - जंगल को, मरूथल हो जाने से।

**अथवा**

स्वाभिमान से ऊँचे मस्तक, झुके नहीं, कट सकते हैं।
युद्धक्षेत्र में, गोरा बादल, कट कर भी डट सकते हैं॥
जहाँ वीरता, 'सेनाणी' 'जौहर' की कीर्ति निखरती है....
भारत माता की धरती, वीरों, सन्तों की धरती है।

IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए: **(2 × 5 = 10)**

26) दादाजी के 'बड़प्पन' के संबंध में क्या विचार थे ?

**अथवा**

27) बेला ने सारा फर्नीचर और सामान कहाँ रख दिया और क्यों ?

28) भारवि अपने पिता से क्यों बदला लेना चाहता था ?

**अथवा**

29) ग्लानि और जीवन के संबंध में श्रीधर के क्या विचार हैं ?

**खण्ड – 'ग'**

V. (अ) वाक्य शुद्ध कीजिए।: **(3)**

30) वह खाना खाने के लिए कहा। लेकिन मुझे भूख नहीं था। फिर भी मैंने खाने की कोशिश किया।

(आ) निम्नलिखित वाक्यों को सूचनानुसार बदलिए: **(2)**

31) i) उसने पाठ पढ़ा। (भविष्यात्काल में बदलिए)

ii) माता कपड़े धोती है। (भूतकाल में बदलिए)

(इ) अन्य लिंग रूप लिखिए: **(2)**

32) i) बालक

ii) चूहा

(ई) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए: **(2)**

33) i) कम जाननेवाला

ii) जो परिचित न हो

VI. (अ) निम्नलिखित अनुच्छेद पढ़कर उसपर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए: **(5)**

34) मुझे ठीक मालूम नहीं कि मेरा लिवर ठीक काम करता है या नहीं, पर मैं किसी बच्चे को किलकारी मारकर हँसते देखता हूँ, तो मुझे लाल डिब्बे में बन्द बेबी मिल्क की याद हो आती है, किसी सुन्दर दृश्य को देखता हूँ तो उनतीस रूपयेवाला कैमरा मेरी आँखों के आगे घूमने लगता है। विवाह मंडप के पास खडे होकर मुझे राष्ट्रीय बचत प्रमाण पत्र की याद जरूर आती है। मोहल्ले के लाल चौधरी मिलने आते हैं तो मुझे लगता है कि विटामिन बी. कंप्लेक्स का विज्ञापन चला आ रहा है। दफ्तर की नई टाईपिस्ट रोजी का समूचा व्यक्तित्व मुझे लाल रंग की लिपस्टिक का विज्ञापन प्रतीत होता है। किसी से कहिएगा नहीं, पर हालत यहाँ तक पहुँच गई है कि अब मैं खुद आईने के सामने खड़ा होता हूँ, तो लगता है अपना चेहरा नहीं, लिवर साल्ट का विज्ञापन देख रहा हूँ।

प्रश्न:

i) लाल चौधरी किसके लिए विज्ञापन लगते हैं ?

ii) टाईपिस्ट रोजी का व्यक्तित्व किसके लिए विज्ञापन लगता है ?

iii) 'रूपये' का अन्य वचन रूप लिखिए।

iv) बच्चे की किलकारी लेखक को किसकी याद दिलाती है ?

v) लेखक को राष्ट्रीय बचत प्रमाण पत्र की याद कब आती है ?

(आ) 35) आप सोनाल है। हाईस्कूल परीक्षा उत्तीर्ण की है। लेकिन आपके कस्बे में अच्छे विद्यालय की कमी के कारण कस्बे से बाहर के किसी विद्यालय में प्रवेश लिया है। इसके सम्बन्ध में अपने दोस्त दीपक को लगभग सौ शब्दों में पत्र लिखिए। **(5)**

(इ) हिन्दी में अनुवाद कीजिए: **(5)**

**36) i)** ಗೌತಮ ಬುದ್ಧನಿಂದ ಬೌದ್ಧ ಧರ್ಮ ಸ್ಥಾಪಿತವಾಯಿತು.

**Buddhism was founded by Gautham Buddha.**

**ii)** ನಾನು ನಿನ್ನ ಹತ್ತಿರ ಮಾತನಾಡ ಬಯಸುವುದಿಲ್ಲ .

**I don't want to talk to you.**

**iii)** ನಾವು ಪರಸ್ಪರ ಪ್ರೀತಿಯಿಂದ ಬಾಳಬೇಕು.

**We have to live together with love.**

**iv)** ನೀವು ಎಂದಾದರೂ ವಿಮಾನದಲ್ಲಿ ಪ್ರಯಾಣ ಮಾಡಿದ್ದೀರಾ?

**Have you ever travelled by Aeroplane?**

**v)** ಗಾಂಧೀಜಿಯವರು ಸತ್ಯ ಮತ್ತು ಅಹಿಂಸೆಯನ್ನು ಪಾಲಿಸುತ್ತಿದ್ದರು.

**Gandhiji was follower of truth and non-violence.**

---

Registration No: | | | | | | | | | | | |

A3 – 2024

Subject Code **03**

# HINDI

Time : 3 Hours 15 Minutes] [Total No. of Questions : 36] [Max. Marks : 80

**सूचनाएँ:**

1. सभी प्रश्नों के उत्तर हिन्दी भाषा तथा देवनागरी लिपि में लिखना आवश्यक है।
2. प्रश्नों की क्रम संख्या लिखना अनिवार्य है।
3. प्रश्न पत्रिका A, B, C, D चार भागों में विभाजित है।
4. भाग- A के प्रथम बार लिखे उत्तर ही मूल्यांकित होंगे।

## भाग – A

03

I. (अ) निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए: (10 × 1 = 10)

1) सुजान की पत्नी का नाम -

i) भुलाकी ii) बुलाकी

iii) मालती iv) शिल्पा

2) कर्तव्य का आरंभ पहले यहाँ से शुरू होता है -

i) घर से ii) मंदिर से

iii) विद्यालय से iv) समाज से

3) मन्नू भंडारी द्वारा लिखित रचना है -

i) एक कविता यह भी ii) एक नाटक यह भी

iii) एक कहानी यह भी iv) एक एकांकी यह भी

4) मि. शामनाथ ने दावत रखी थी -

i) श्रीमती के लिए ii) माँ के लिए

iii) भाई के लिए iv) चीफ के लिए

5) 'दूमो आरिगातू' का अर्थ है -

i) ओके ii) हाय

iii) थैंक यू वेरी मच iv) इय

6) सूरदास के पद में वर्णन है -

i) श्रीकृष्ण के रूप सौंदर्य का।

ii) श्रीराम के रूप सौंदर्य का।

iii) हनुमान के रूप सौंदर्य का।

iv) राधा के रूप सौंदर्य का।

7) माँ और बेटी एक दूसरे के लिए हैं -

i) मोती ii) चाँदी

iii) गहने iv) हीरे

8) मनुष्य को रसने सींचा है -

i) दानवता ii) मानवता

iii) समानता iv) असमानता

9) दादाजी इनके हक में है -

i) पुराने वृक्ष के ii) पुराने घर के

iii) पुराने फर्निचर के iv) पुराने नौकरों के

10) 'किरातार्जुनीयम' महाकाव्य के रचनाकार -

i) महापंडित श्रीधर ii) महाकवि भारवि

iii) उपेंद्रनाथ अश्क iv) डॉ. रामकुमार वर्मा

(आ) कोष्ठक में दिए गए शब्दों से रिक्त स्थान भरिए: (5 × 1 = 5)

11) (कमाई, उदासी, मीन-मेष, सेवा, प्रेम, घृणा)

i) चेहरे पर __________ थी

ii) __________ करने से चरित्र बनता है।

iii) धर्म के काम में __________ निकालना अच्छा नहीं।

iv) अब इन व्यापारों से उसे __________ होती थी।

v) तुम्हारे बेटों की तो __________ है।

(इ) निम्नलिखित मुहावरों को अर्थ के साथ जोड़कर लिखिए: (5 × 1 = 5)

| | |
|---|---|
| 12) i) कंचन बरसना | 1 हिम्मत बढ़ाना |
| ii) नाम जमाना | 2. बेइज़्ज़ति करना |
| iii) ढाढ़स बाँधना | 3. बाधा डालना |
| iv) थू-थू करना | 4. क्रोधित होना |
| v) टाँग अड़ाना | 5. कीर्ति पाना |
| | 6. आमदनी बढ़ना |

## भाग – B

II. (अ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए: (2 × 3 = 6)

13) घर में सुजान भगत का अनादर कैसे हुआ ?

14) पिताजी ने रसोई को 'भटियारखाना' क्यों कहा है ?

15) विश्वेश्वरय्या के गुण-स्वभाव का परिचय दीजिए।

16) शामनाथ और उनकी धर्मपत्नी माँ को लेकर क्यों चिंतित थे ?

(आ) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** के ससंदर्भ स्पष्टीकरण कीजिए: **(2 × 3 = 6)**

17) "चरित्र का संकट चर्चा का विषय तो बना हुआ है।"

18) "जिधर देखो उधर कर्तव्य ही कर्तव्य देख पड़ते हैं।"

19) "चिंता में घुलते-घुलते और भूखे मरते-मरते उन्होंने दम तोड़ दिया।"

20) "यहाँ तो पूरा पत्ती-सम्प्रदाय है।"

III. (अ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए: **(2 × 3 = 6)**

21) 'बिहारी के अनुसार नदी, सरोवर, कुँआ महान है', कैसे ? स्पष्ट कीजिए।

22) 'अधिकार' कविता में प्रयुक्त प्राकृतिक तत्वों के बारे में लिखिए।

23) कवि दुष्यन्त कुमार के अनुसार समाज में क्या फैला हुआ है?

(आ) ससंदर्भ भाव स्पष्ट कीजिए। **(2 × 4 = 8)**

24) रहिमन कठिन चितान ते, चिंता को चित चेत।
चिता दहति निर्जीव को, चिंता जीव समेत॥

**अथवा**

अब कैसे छूटै राम रट लगी।
प्रभु जी तुम चंदन हम पानी,
जाकी अंग-अंग बास समानी॥

25) यह बिहार की भूमि, जहाँ पितरों का तर्पण होता है।
जे-पी-के इंगित से दस्यु-आत्म-समर्पण होता है॥
विश्वगुरू कहलाने वाले, नालंदा-वैशाली हैं।
गौतम, महावीर ने अपनी परंपराएँ पाली हैं।

**अथवा**

अबकी घर लौटा तो देखा वह नहीं था-
वही बूढ़ा चौकीदार वृक्ष
जो हमेशा मिलता था घर के दरवाजे पर तैनात।
पुराने-चमड़े का बना उसका शरीर॥

## भाग – C

IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए: (2 × 5 = 10)

26) ' सूखी डाली ' एकांकी के आधार पर बेला की चारित्रिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

**अथवा**

27) रजवा ने छोटी भाभी से क्या-क्या कहा ?

28) ' प्रतिशोध ' एकांकी के आधार पर सुशीला और भारती के वार्तालाप को अपने शब्दों में लिखिए।

**अथवा**

29) महापंडित श्रीधर का चरित्र-चित्रण कीजिए।

## भाग – D

V. (अ) वाक्य शुद्ध कीजिए।: (3)

30) उसने धीमे स्वर में बोली की राम और शाम खेलने लगा।

(आ) निम्नलिखित वाक्यों को सूचनानुसार बदलिए: (2)

31) i) वह गद्‌गद् कंठ से कहता है। (भूतकाल में बदलिए)

ii) निमोनिया के कारण रोगी मर जाएगा। (वर्तमानकाल में बदलिए)

(इ) अन्य लिंग रूप लिखिए: (2)

32) i) बूढ़ा

ii) कवि

(ई) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए: (2)

33) i) बड़ा भाई

ii) छात्रों के रहने का स्थान

VI. (अ) निम्नलिखित अनुच्छेद पढ़कर उसपर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए: **(5)**

34) साक्षात्कार हिंदी साहित्य के गद्य विधा की नवीनतम उपलब्धि है। साक्षात्कार का प्रसार व्यावसायिक पत्रिकाओं में ही नहीं हुआ है, अपितु साहित्यिक विधाओं में भी साक्षात्कार का महत्व बढ़ रहा है। साक्षात्कार साहित्य की एक लोकप्रिय विधा के रूप में प्रस्तावित हुई है। समयाभाव में पाठक साक्षात्कार के माध्यम से ही व्यक्ति का विचार, तर्क और अनुभव जानना चाहता है। संवाद शैली के कारण साक्षात्कार की संप्रेषणीय संभावना अधिक होती है। इसका प्रारंभ भारतेंदु युग से माना जाता है। पाँचवें दशक में बेनीमाधव शर्मा द्वारा लिखित 'कवि दर्शन' प्रथम रचना है।

प्रश्न:

i) किसके कारण साक्षात्कार की संप्रेषणीय संभावना अधिक होती है ?

ii) गद्य विधा की नवीनतम उपलब्धि क्या है ?

iii) 'अनुभव' शब्द से उपसर्ग अलग कर लिखिए

iv) 'प्रस्तावित' शब्द से प्रत्यय अलग कर लिखिए।

v) 'कवि दर्शन' साक्षात्कार के लेखक कौन हैं ?

(आ) 35) संजय का भाई सेना में भर्ती होना चाहता है। लेकिन उसके पिताजी चाहते हैं कि नौकरी करते हुए वह अपने पास ही रहे। पिता और बेटे का संवाद प्रस्तुत है – **(5)**

बेटा: " पिताजी, मैं अपने देश की सेवा करना चाहता हूँ। इसलिए मुझे सेना में भर्ती होने की अनुमति दीजिए।"

पिता: " मैं मानता हूँ कि मेरे दो बेटे हैं, पर दोनों मेरी आँखों के समान प्यारे हैं। मैं किसी को भी दूर भेजना नहीं चाहता।"

बेटा: "हमें देश के लिए कुछ करना अपनी जिम्मेदारी है।"

कल्पना कीजिए कि आप संजय हैं। आपकी बड़ी बहन अमेरिका के न्यूयार्क शहर में रहती हैं। उपर्युक्त संवाद के आधार पर अपनी बड़ी बहन को एक पत्र लिखिए।

(इ) हिन्दी में अनुवाद कीजिए: **(5)**

**36) i)** ನಾವು ಒಗ್ಗಟ್ಟಾಗಿ ಬಾಳಬೇಕು.

**We should live unitedly.**

**ii)** ವೈಜ್ಞಾನಿಕ ಉನ್ನತಿಯಿಂದ ಮಾನವ ಜನಾಂಗದ ಉನ್ನತಿ ಸಾಧ್ಯ.

**Development of humanity is possible through scientific development.**

**iii)** ವಿದ್ಯಾರ್ಥಿ ಜೀವನವೇ ಸುವರ್ಣ ಯುಗ.

**Student life is golden life.**

**iv)** ನೀವು ಎಂದಾದರೂ ರೈಲಿನಲ್ಲಿ ಪ್ರಯಾಣ ಮಾಡಿದ್ದೀರಾ?

**Have you ever travelled by train?**

**v)** ನಾವು ಬೇಗ ಎದ್ದರೆ, ಸೂರ್ಯೋದಯವನ್ನು ನೋಡಬಹುದು.

**We can see the sunrise if we get up early.**

---

| ನೋಂದಣಿ ಸಂಖ್ಯೆ : Registration No. : | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|

**A1 – 2024**

| ವಿಷಯ ಸಂಕೇತ / Subject Code | 03 (NS) |
|---|---|

# ಹಿಂದಿ / HINDI

[ಸಮಯ: 3 ಗಂಟೆ 15 ನಿಮಿಷಗಳು] [ಒಟ್ಟು ಪ್ರಶ್ನೆಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 36] [ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 80]

[Time : 3 Hours 15 Minutes] [Total No. of questions : 36] [Max. Marks : 80]

*सूचना :* 1. *सभी प्रश्नों के उत्तर हिन्दी भाषा तथा देवनागरी लिपि में लिखना आवश्यक है।*

2. *प्रश्नों की क्रम संख्या लिखना अनिवार्य है।*

3. *मुख्य प्रश्न संख्या (I) के प्रश्नों के पहले लिखे गए उत्तरों को ही मूल्यांकन में गणना की जाएगी।*

I. अ) निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्पों को चुनकर लिखिए : **(10 × 1 = 10)**

1) सुजान के बड़े बेटे का नाम है –

i) भोला ii) रोहन

iii) सूरज iv) चाँद

2) माँ विराज रही थी –

i) दुकान में ii) मकान में

iii) मंदिर में iv) बाजार में

3) शताब्दी की सबसे बड़ी उपलब्धि है –

i) 15 अगस्त 1948 ii) 15 अगस्त 1947

iii) 15 अगस्त 1949 iv) 15 अगस्त 1950

P.T.O.

4) 'चीफ की दावत' इनके घर पर थी –

i) सुजान ii) भोलाराम

iii) शंकर iv) शामनाथ

5) 'पानी' के लिए जापानी भाषा में यह शब्द है –

i) इय ii) हाय

iii) मिजु iv) ऊकी

6) अंतर की बात जाननेवाले हैं –

i) राम ii) कृष्ण

iii) गोपिकाएँ iv) उद्धव

7) माँ और बेटी एक दूसरे के लिए बनते हैं –

i) बंधन ii) मित्र

iii) गहने iv) रंगीन कपड़े

8) कवि नरेन्द्र शर्मा के अनुसार मनुष्य को इसने सींचा है –

i) दुर्बलता ii) प्रतिहिंसा

iii) कायरता iv) मानवता

9) छोटी बहू का नाम है –

i) बेला ii) पारो

iii) इन्दु iv) रजवा

10) उन्नति में बाधक है –

i) करूणा ii) अहंकार

iii) ममता iv) समानता

आ) कोष्ठक में दिए गए कारक चिह्नों से रिक्त स्थान भरिए : (5 × 1 = 5)

(के लिए, के, ने, में, का, को)

11) i) माँ ———— बेटे को समझाया।

ii) वीरों ने देश ———— प्राणों की आहूति दी।

iii) कुत्ते ———— पिल्ला बड़ा प्यारा है।

iv) हम लोग बगीचे ———— घूमेंगे।

v) महिलाओं ———— सम्मान देना चाहिए।

इ) निम्नलिखित मुहावरों को अर्थ के साथ जोड़कर लिखिए : (5 × 1 = 5)

| | |
|---|---|
| 12) i) कमर कसना | 1) काम बिगड जाना |
| ii) कलेजा फटना | 2) भाग जाना |
| iii) गुड–गोबर होना | 3) असहनीय दुःख होना |
| iv) नौ दो ग्यारह होना | 4) प्यार करना |
| v) तेली का बैल होना | 5) तैयार होना |
| | 6) बहुत परिश्रम करना |

II. अ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए : (2 × 3 = 6)

13) सुजान भगत पेड के नीचे बैठकर क्या सोचता है?

14) मन्नू भंडारी के बचपन के बारे में लिखिए।

15) विश्वेश्वरय्या की प्रसिद्धि तथा पदोन्नति देख कुछ इंजीनियर क्यों जलते थे?

16) शामनाथ और उनकी धर्मपत्नी माँ को लेकर क्यों चिंतित थे?

आ) निम्नलिखित में से किन्हीं दो के ससंदर्भ स्पष्टीकरण कीजिए : **(2 × 3 = 6)**

17) 'इसलिए हमारा यह धर्म है कि हमारी आत्मा हमें जो कहे, उसके अनुसार हम करें'।

18) 'पतन की जब पराकाष्ठा हो जाती है तभी पुनः उत्थान की किरणें फूटती हैं'।

19) 'इन पाँच दिनों में मैंने सारा ब्रह्माण्ड छान डाला, पर उसका कहीं पता नहीं चला'।

20) 'यहाँ तो डेंटिस्ट मक्खी मारते होंगे'।

III. अ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **(2 × 3 = 6)**

21) बिहारी ने सब वेद और स्मृतियों के बारे में क्या कहा है?

22) जीवन की सार्थकता किसमें है?

23) कवि दुष्यन्त कुमार के अनुसार समाज में क्या फैला हुआ है?

आ) ससंदर्भ भाव स्पष्ट कीजिए : **(2 × 4 = 8)**

24) i) रैदास श्रम करि खाइहि,
जो लौ पार बसाय।
नेक कमाई जऊ करइ,
कबहुँ न निहफल जाय।।

अथवा

ii) निज कर क्रिया रहीम कहि, सुधि भावी के हाथ।
पाँसे अपने हाथ में, दाँव न अपने हाथ।।

25) i) दर असल शुरु से ही था हमारे अंदेशों में
कहीं एक जानी दुश्मन
कि घर को बचाना है लुटेरों से।
शहर को बचाना है नादिरों से
देश को बचाना है, देश के दुश्मनों से।

अथवा

ii) क्रीड़ास्थली प्रकृति की कर्नाटक गौरव की गाथा है
भारत का सौभाग्य, विश्व भर का यह उन्नत माथा है।।
टीपू से सुलतान, विश्व ने जिनकी शक्ति मानी है।
रानी चेन्नम्मा के बलिदानों की एक कहानी है।।

IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : (2 × 5 = 10)

26) बेला अपने मायके क्यों जाना चाहती है?

अथवा

27) दादाजी की क्या आकांक्षा थी?

28) भारती और सुशीला के वार्तालाप को अपने शब्दों में लिखिए।

अथवा

29) प्रायश्चित को लेकर पिता और पुत्र के बीच हुए संवाद को लिखिए।

V. अ) वाक्य शुद्ध कीजिए : (3)

30) कोई कहा कि सुमन अच्छी गाती है। इसलिए सुमन को भाई ने एक हजार रुपया दिए।

आ) निम्नलिखित वाक्यों को सूचनानुसार बदलिए : (2)

31) i) सरला गाना गाती थी। (वर्तमान काल में बदलिए)

ii) किरण खाना पकाती है। (भविष्यत् काल में बदलिए)

इ) अन्य लिंग रूप लिखिए : (2)

32) i) संयोजिका

ii) दास

ई) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए : (2)

33) i) मांस खानेवाला

ii) जल में रहनेवाला

VI. अ) निम्नलिखित अनुच्छेद पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : (5)

34) मित्रता अनमोल धन है। इसकी तुलना किसी से भी नहीं की जा सकती है। हीरे-मोती या सोने-चाँदी से भी नहीं। मैत्री की महिमा बहुत बड़ी है। सच्चा मित्र सुख और दुख में समान भाव से मैत्री निभाता है। जो केवल सुख में साथ होता है, उसे सच्चा मित्र नहीं कहा जा सकता। साथ-साथ खाना-पीना, सैर-पिकनिक का आनंद लेना सच्ची मित्रता का लक्षण नहीं। सच्ची मित्रता की बस एक पहचान है और वह है विचारों की एकता। विचारों की एकता ही इसे दिनोंदिन प्रगाढ़ करती है। सच्चा मित्र बड़ा महत्वपूर्ण होता है। जहाँ चाह न लगे, वही बाँह बढ़ाकर उबार लेता है। मित्रता करना तो आसान है, लेकिन निभाना बहुत ही मुश्किल। आज मित्रता का दुरुपयोग होने लगा है। लोग अपने सीमित स्वार्थों की पूर्ति के लिए मित्रता का ढोंग रचते हैं। मित्रता जीवन का सर्वश्रेष्ठ अनुभव है। यह एक ऐसा मोती है, जिसे गहरे सागर में डूबकर ही पाया जा सकता है। मित्रता की कीमत केवल मित्रता ही है। सच्ची मित्रता जीवन का वरदान है। सच्चा मित्र मनुष्य की सोई किस्मत को जगा सकता है और भटके को सही राह दिखा सकता है।

प्रश्न :

i) कौन सुख और दुःख में समान भाव से मैत्री निभाता है?

ii) मित्रता की क्या पहचान है?

iii) क्या मित्रता निभाना आसान है?

iv) मित्रता की कीमत क्या है?

v) सच्चा मित्र किसको सही राह दिखा सकता है?

आ) 35) कबीर नौकरी के लिए विदेश जाना चाहता है। माता इसका विरोध करती है। वह नहीं चाहती कि अपना बेटा विदेश में जाकर नौकरी करे। माँ को बेटा समझाता है कि वह विदेश हमेशा के लिए नहीं जा रहा है। कुछ सालों बाद वापिस आकर हमेशा के लिए भारत में ही रहेगा। फिर भी माता सुनने के लिए तैयार नहीं है। कबीर के पिताजी एक सरकारी सेवानिवृत्त कर्मचारी है। कबीर की बहन मीना चाहती है कि भाई विदेश में नौकरी करें। मीना खुद बेंगलुरू में नौकरी कर रही है। कल्पना कीजिए कि आप मीना हैं। उपर्युक्त बिंदुओं के आधार पर अपने पिताजी को एक पत्र लिखिए। **(5)**

इ) हिन्दी में अनुवाद कीजिए : **(5)**

36) i) ದಿನಗಳೆದಂತೆ ನಿರುದ್ಯೋಗ ಸಮಸ್ಯೆ ಉಲ್ಬಣಗೊಳ್ಳುತ್ತಿದೆ.

The problem of unemployment is increasing day by day.

ii) ನಾವು ಭಾರತ ದೇಶದ ಪ್ರಜೆಗಳು.

We are citizens of India.

iii) ನಾವು ಒಗ್ಗಟ್ಟಾಗಿ ಬಾಳಬೇಕು.

We should live unitedly.

iv) ನಾಳೆಯು ತಿಂಗಳ ಕೊನೆಯ ದಿನವಾಗಿದೆ.

Tomorrow is the last day of the month.

v) ಭಾರತದಲ್ಲಿ ಹಲವಾರು ನದಿಗಳಿವೆ.

There are many rivers in India.

---